रोहतक
रविवार, 14 जनवरी, 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 27, अंक : 353
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 16.2
न्यून. 1.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 शृंखला जीतने उतरेगा भारत, कोहली की होगी वापसी, अफगान के खिलाफ टी20 आज










## अंदर के पन्नों पर

- अब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी बसों में बैठकर जाएंगे स्कूल पेज-2
- दो नशा मुक्ति केंद्रों पर रेड, जांच में अवैध पाए, 27 रिहा करवाए पेज-4
- पीएम मोदी के गांव से अखंड जोत अयोध्या पहुंची पेज-7
- अमेरिका ने यमन पर फिर किया ताबड़तोड़ हमला पेज-8

### करनाल में सीएम ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान किया ऐलान

# प्रदेश में 15000 ठेकेदार तैयार करेगी सरकार

सिविल इंजीनियर्स को दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण को यूनिवर्सिटियों से की जा रही बात

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रदेश में आने वाले दिनों में विकास के एक लाख कार्य और होने वाले हैं। इन्हें जब पोर्टल पर डालते हैं तो यह कार्य करने के लिए ठेकेदार नहीं मिलते। काम ज्यादा हो गए, ठेकेदार कम हैं। हम यूनिवर्सिटी से बात करके सिविल इंजीनियरिंग पास करने वाले 15,000 युवाओं को ट्रेनिंग देकर अच्छे ठेकेदार तैयार करेंगे। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने यह ऐलान वार्ड एक की बसंत विहार कॉलोनी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को लोहड़ी और मकर सक्रांति के साथ-साथ 22 जनवरी को अयोध्या में किए जाने वाले राम मंदिर उद्घाटन की शुभकामनाएं दी।

### विकास में कमी नहीं आने देंगे: मनोहर लाल



### छह माह में साठ हजार नौकरियां दी जाएंगी

अगले छह माह में 60,000 युवाओं को नौकरियां दी जाएगी। स्वरोजगार व प्राइवेट नौकरियों में सहायता करने के साथ-साथ सरकार युवाओं को रोजगार के लिए विदेश भेजने में भी सहयोग कर रही है। विदेश जाने के इच्छुक युवाओं को रोहतक में कार्य में दक्ष (स्किलिंग) किया जा रहा है। इन्हें पासपोर्ट और वीजा की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

## ग्रुप-डी सीईटी का परिणाम जारी, 13657 पद भरे जाएंगे

एचएसएससी अगले सप्ताह निकालेगा विज्ञापन

■

योग्यता के आधार पर पारदर्शी तरीक़े से रोजगार दे रहे

चंडीगढ़(ब्यूरो)। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने ग्रुप-डी (सीईटी) की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा परिणाम एचएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। ग्रुप डी का एग्जाम 21 और 22 अक्टूबर को हुआ था। इसमें 8.5 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। हालांकि, पूरे प्रदेश से 13.75 लाख उम्मीदवारों ने टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 13557 पदों पर आयोग भर्ती करेगा। अगले सप्ताह इन पदों के लिए आयोग विज्ञापन निकालेगा। अभ्यर्थियों की बोर्ड, विभाग और निगमों में भर्ती की जाएगी।

**किस वर्ग के कितने पद :** एचएसएससी अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि योग्यता के आधार पर राज्य सरकार के कॉमन कैडर में 13104 पद तथा राज्य के विभिन्न बोर्ड एवं निगमों के लिए 553 पदों सहित कुल 13,657 पदों पर पात्र उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। जिसमें सामान्य श्रेणी के 5875 पद, अनुसूचित जाति के 2730 पद, बीसी-ए के लिए 2183 पद, बीसी-बी के 1504 पद तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 1365 पद हैं। सीईटी परिणाम में शामिल उम्मीदवारों की इच्छा जानने के लिए एचएसएससी द्वारा कुछ दिनों में विज्ञापन जारी किए जाने की उम्मीद है और पोर्टल अगले सप्ताह खुलने की संभावना है।

### निशानेबाज विजयवीर ने 17वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया

जकार्ता (भाषा)। विजयवीर सिद्धू ने शनिवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश को 17वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। इस तरह वह 25 मीटर रैपिड फायर में पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाकर सीनियर साथी अनीश भानवाला के साथ शामिल हो गए। अनीश ने कोरिया के चांगवान में एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक कोटा हासिल किया था।









## खबर संक्षेप

### अनुराग शर्मा युवा रत्न अवार्ड से सम्मानित

**पंचकूला।** पंचकूला शहर के एक्टर और डायरेक्टर अनुराग शर्मा को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अवार्ड अनुराग शर्मा को वेब सीरीज टू ग्रेट मास्टर्स' के लिए मिला है। उल्लेखनीय है कि इस सीरीज में अनुराग शर्मा ने यूथ को स्वामी विवेकानद और परमहंसयोगानन्द की शिक्षाओं से प्रेरित करने की कोशिश की है। इस सीरीज को अमृत गुप्ता ने प्रोडूस किया है और सोनू त्यागी इसके सहनिर्माता है। सीरीज में राकेश बेदी मेजबान की भूमिका में नज़र आएंगे। यहां यह भी उल्लेखनीय है की अनुराग शर्मा पिछले वर्ष थिएटर्स में रिलीज़ हुई अपनी फिल्म 'जूनि-दा लास्ट प्रेयर' से चर्चा में आए थे, जिसमे उन्होंने इन्सान और भगवान के रिश्ते को एक बड़े ही प्रैक्टिकल और मार्मिक ढंग से चित्रित किया था।

### एमसीएम में लोहड़ी का त्योहार मनाया गया



**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ में लोहड़ी का पर्व पारंपरिक उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस पर्व पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. निशा भार्गव, संकाय सदस्य इस पर्व के उपलक्ष्य में पवित्र अग्नि के आसपास एकत्रित हुए और सर्वकल्याण की प्रार्थना की । इस अवसर पर डॉ. भार्गव ने अग्नि प्रज्ज्वलित कर स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

### सिरसा में मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने सिरसा के बाबा सरसाई नाथ सरकारी मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी लाने के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम के प्रयासों से सिरसा में 22 एकड़ में बनने वाले गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के निर्माण से क्षेत्र वासियों व सिरसा के साथ लगते क्षेत्र के लोगों के लिए मेडिकल सुविधा और स्वास्थ्य शिक्षा में बढ़ोत्तरी होगी।

### आमजन को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**यमुनानगर/ चंडीगढ़ ।** 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ने शनिवार यमुनानगर के नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश कर लिया। यात्रा का शहर में पहुंचने पर शहरवासियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान नगर निगम के वार्ड नंबर 10-11 में चिट्टा मंदिर रोड स्थित संत शीतल गिरी विद्या मंदिर स्कूल व वार्ड नंबर 15 के विजय कॉलोनी पार्क में जनसंवाद कार्यक्रम हुए। दोनों स्थानों पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मुख्य अतिथि पहुंचे।

# समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ा रहा संघ : भागवत

## आरएसएस के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संघ से जुड़े पूर्व सैनिकों के साथ संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भिवानी रोड स्थित गोपाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को दूसरे दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत का प्रवास रहा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर संघचालक मोहन भागवत ने पूर्व सैनिकों के साथ वार्ता की और समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के लिए मंथन किया। इस बैठक में भी केवल संघ से जुड़े ही पूर्व सैनिकों की शाखा ने भाग लिया जो पूरी तरह से संघ में सक्रिय हैं। यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने संघ में सक्रिय पूर्व सैनिक स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप तो सेना में रहे हैं, ऐसे में आपके अंदर अनुशासन व देशभक्ति का भाव पहले ही भरा हुआ है। संघ भी समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाना चाहता है। अनुशासन व देशभक्ति से देश का युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करेगा। इसलिए आप संघ को और गहराई से समझ कर हरियाणा में संघ के कार्य को बढ़ाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्र संघचालक सीताराम व्यास व प्रांत संघचालक पवन जिंदल भी मौजूद रहे। बैठक में लगभग 125 पूर्व सैनिक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

■ संघ लोगों तक पंच परिवर्तन करेगा



जींद। संघ से जुड़े पूर्व सैनिकों को संबोधित करते आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत।

**आज मनाया जाएगा मकर संक्रांति का पर्व**

14 जनवरी को मकर संक्राति का पर्व मनाया जाएगा। संघ वर्ष में छह पर्व मनाता है। इसमें मकर संक्रांति भी एक है। शाखाओं में हर जिले से कार्यकर्ता आएंगे, जिनसे प्रगति रिपोर्ट भी ली जाएगी।

**संघ समाज परिवर्तन के लिए निरंतर कार्य कर रहा :** डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ समाज परिवर्तन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संघ समाज में लोगों तक पंच परिवर्तन अर्थात पांच विषयों को लेकर प्रबोधन करेगा। स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन ये पंच परिवर्तन के कार्यों को पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इन पंच परिवर्तन के कार्यों से ही समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे। नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात कानून की पालना से ही राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटुम्ब प्रबोधन से परिवार बचेंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे व समाज में बढ़ते एकल परिवार के चलन को रोक कर भारत की प्राचीन परिवार परंपरा को बढ़ावा मिलेगा। स्वदेशी से राष्ट्र मजबूत होगा। नागरिक कर्तव्य से ही समाज के लोग पर्यावरण के प्रति सजग होंगे और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा। समाज में बढ़ती जात-पात की खाई को पाट कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए समाज के सभी वर्ग आपस में मिलना-बैठना, एक दूसरे के सुख व दुख में हिस्सा लेना अपने स्वभाव में लाएं। भागवत ने प्रांत से आए सभी पूर्व सैनिक स्वयंसेवकों को आह्वान किया कि शाखाओं को प्रदेश भर में ले जाने का कार्य करें।

# अब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी बसों में बैठकर जाएंगे स्कूल

## तीन किमी. और इससे अधिक दूर जाने वाले सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को वाहन प्रदान करने के लिए पॉलिसी लाने की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश की मनोहर सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को निजी स्कूलों की तर्ज पर ट्रांसपोर्ट (वाहन सुविधा) व्यवस्था प्रदान करने की तैयारी में है। इसके लिए विधिवत नीति लाई जा रही है। पहले चरण में विद्यार्थियों के लिए और बाद में शिक्षकों को भी वाहनों से स्कूल तक ले जाने की योजना तैयार की जा रही है।

■ बच्चों को बसों के साथ छोटे वाहनों में स्कूल ले जाने पर हो रहा मंथन

इसके लिए विधिवत सरकार की ओर से अधिकारियों को नीति तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद में हरियाणा सरकार स्कूल एजूकेशन के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग के अफसरों से चिंतन-मंथन के बाद 3 किलोमीटर और इससे अधिक दूरी वाले स्कूलों में जाने वाले सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल तक जाने के लिए वहां की सुविधा दिए जाने की नीति का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। खास बात यह है कि इसके लिए बड़ी बसों से लेकर छोटी बसों से लेकर थ्री-व्हीलर और छोटे वाहन को भी लिए जाने को लेकर चिंतन मंथन हो रहा है। नए साल में योजना को लागू करने की तैयारी



**स्कूलों के मर्ज हो जाने के बाद कठिनाई**

मामूली संख्या वाले विद्यार्थियों से चलने वाले स्कूलों को मर्ज कर दिए जाने के बाद विद्यार्थियों के सामने समस्या आ रही है । जिससे निपटने के लिए सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किए थे, इस पर आला अफसरों ने प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर इन्हें भी वाहन उपलब्ध कराने का फैसला लिया है।

### कमेटियों का गठन जल्द

खास बात यह है कि जल्द ही स्कूल स्तर पर समितियों (कमेटी) का गठन कर दिया जाएगा। सरकार इन कमेटियों को पैसा भेजने का काम करेगी। वाहनों पर खर्च होने वाली राशि को यह कमेटी खर्च करेगी और इसका पूरा पूरा हिसाब रखा जाएगा। इन कमेटियों की जिम्मेवारी होगी कि पैसा सही तरीके से खर्च हो और उसका दुरुपयोग नहीं हो। कुल मिलाकर योजना का ड्राफ्ट तैयार है सरकार विद्यालयों के तीन किमी. और इससे अधिक दूरी पर जाने वाले छात्रों को वाहन उपलब्ध कर कर बढ़िया तोहफा देना चाहती है।

# अधिकारी जनसंवाद की पहल को मजबूत करें : वित्तायुक्त

■ प्रसाद ने उपायुक्तों के साथ वीसी के माध्यम से से की बैठक

**चंडीगढ़।** वित्तायुक्त राजस्व एवं गृह एवं राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने उपायुक्तों से आग्रह किया कि वे जन संवाद मंच को सार्वजनिक सेवा को ओर बेहतर बनाने के अवसर के रूप में लें। टीवीएसएन प्रसाद कल देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति और मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे। जनसंवाद पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने उपायुक्तों को विशेष रूप से निर्देश दिया कि वे जन संवाद मंच पर उठायी गयी शिकायतों की बारीकी से जांच करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित करें। इसके अलावा, टीवीएसएन प्रसाद ने राजस्व न्यायालय मामलों और स्टाम्प अधिनियम मामलों के बैकलॉग की भी समीक्षा की। उन्होंने उपायुक्तों को समाधान प्रक्रिया में तेजी लाने, लंबित मामलों को कम करने और उच्चतम स्तर की सार्वजनिक संतुष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वामित्व, मॉडर्न रेवेन्यू रिकॉर्ड रूम (एमआरआरआर) और हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग प्रोजेक्ट (एचएएलएसएमएनपी) की प्रगति की भी जांच की गई, साथ ही तीनों परियोजनाओं पर काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। स्वामित्व के संबंध में टीवीएसएन प्रसाद ने स्वामित्व शिकायत पोर्टल पर व्यक्तियों द्वारा उठाई गई शिकायतों को संबोधित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि शिकायतें दर्ज करने के लिए जो पोर्टल पहले 31 दिसंबर 2023 तक खोला गया था, उसे 31 जनवरी 2024 तक दोबारा खोला जाएगा। मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के संबंध में भी उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# प्रदेश में नशाखोरी की हालत गंभीर : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में नशे की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, लेकिन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार सिर्फ खानापूर्ति करने में ही लगी है। कई जिलों में हालात बद से बदतर हो चुके हैं और बड़े नशा कारोबारियों तक पुलिस के हाथ पहुंच ही नहीं पा रहे। नशे के बढ़ते मामलों को देखते हुए जो निर्देश पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने दिए थे, उन्हें लागू नहीं किया जा रहा है।सैलजा ने कहा कि आए दिन हाथ में लगी सिरिंज के साथ कभी बेसुध तो कभी जान गंवा चुके युवाओं की फोटो वायरल हो रही हैं। सबसे ज्यादा 18 से 35 साल के युवा इसकी चपेट में हैं। पंजाब से लगते इलाकों में ज्यादा ही समस्या खड़ी हो गई है। सबसे प्रभावित जिलों में फतेहाबाद, सिरसा, फरीदाबाद, रोहतक, अंबाला, गुरुग्राम, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, हिसार, जींद व कैथल की गिनती हो रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि साल 2023 तशा तस्करी व खरीद-फरोख्त की 3757 एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 5330 नशा तस्करी के आरोपी गिरफ्तार हुए।

# प्रदेश में स्वच्छता के दावों की पोल खुली : इनेलो

**चंडीगढ़।** विधायक और इनेलो के वरिष्ठ नेता अभय चौटाला ने कहा कि गठबंधन सरकार पर जमकर आरोप लगाए हैं, उनका कहना है कि हरियाणा को गर्त में पहुंचााया जा रहा है।शहर स्वच्छता में पहले से कई पायदान नीचे चले गए हैं, कोई भी शहर टॉप 100 में नहीं आया है। लेकिन सफाई और कूड़ा उठान के नाम पर घोटाले जरूर किए हैं। मानवाधिकारों के लिए काम करने वाला अंतर्राष्ट्रीय संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच ने अपनी रिपोर्ट पेश की है जिसमें हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा और यौन शोषण के खिलाफ पहलवानों का प्रदर्शन को मानवाधिकारों का हनन माना है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार किसान और मजदूरों के हालात दयनीय है और आत्महत्या के केसों में लगातार वृद्धि हो रही है। महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों में प्रदेश नंबर एक पर है।

**राज्यपाल ने शिशु गृह में बच्चों के साथ मनाया लोहड़ी का पावन पर्व**

# लोहड़ी व मकर संक्रांति देश की महान संस्कृति, सभ्यता व परंपरा का प्रतीक

**पंचकूला।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को लोहड़ी का पावन पर्व शिशु गृह सेक्टर -15 में बच्चों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। बाल कल्याण परिषद हरियाणा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय लोहड़ी समारोह के आयोजन पर राज्यपाल ने शिशु गृह पहुंच कर बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ खुशी सांझा की।

राज्यपाल ने उनका हालचाल भी जाना। बच्चों ने भी राज्यपाल दत्तात्रेय को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। इसके बाद श्री बंडारू दत्तात्रेय ने लोहड़ी दहन किया। इस अवसर पर बच्चों और अन्य कलाकारों ने मंच पर रंगारंग कार्यक्रम पेश किए जिसकी अतिथियों ने खूब सराहना की। इससे पूर्व शिशु गृह पहुंचने पर हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता ने राज्यपाल का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि उन्हें हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा शिशु गृह, पंचकूला में आयोजित नववर्ष, लोहड़ी और मकर संक्राति के पावन पर्व पर बच्चों के बीच आकर बेहद खुशी हो रही है। इस पावन पर्व पर शिशु गृह के नन्हें-मुन्ने बच्चों के खिल-खिलाते चेहरों पर खुशी और आखों में किरण देखकर वे बेहद आनंदित है।



पंचकूला। बच्चों के साथ त्योहार मनाते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना**

उन्होंने बच्चों के लिए बेहतर स्वास्थ्य, मंगलमय जीवन और उज्जवल भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा कि लोहड़ी, मकर संक्राति, बसंत पंचमी, होली-दिवाली जैसे पावन पर्व हमारे देश की महान संस्कृति, सभ्यता, परंपरा व रीति-रिवाजों के परिचायक हैं, जो हमारे जीवन में खुशहाली, सुख-समृद्धि, सुख-शांति, आपसी सद्भाव, भाईचारे एवं खुशियों के रंग भरते हैं तथा हमें नई उमंग-उत्साह, स्फूर्ति व ताजगी का एहसास कराते हैं। प्रति वर्ष लोहड़ी का त्यौहार हमारे जीवन में आनंद लेकर आता है। राज्यपाल में कहा की हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् वर्ष 1971 से हरियाणा में बच्चों के लिए आत्मियता और मानवता से परिपूर्ण सराहनीय सेवाएं प्रदान कर रही है।

# प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार खराब हो रही

## आप प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर जड़े आरोप




चंडीगढ़। पत्रकारों से बातचीत करते आप प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता।

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा। उनके साथ मेडिकल विंग की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सारिका वर्मा और प्रदेश प्रवक्ता निवान शर्मा मौजूद रहे। डॉ. सुशील गुप्ता ने पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण हरियाणा के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। हरियाणा में स्वास्थ्य व्यवस्था पर खट्टर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। हरियाणा में भाजपा सरकार पूरे तरह से विफल हो चुकी है। उन्होंने खट्टर सरकार से डॉक्टर्स के खाली पड़े 50% से ज्यादा पदों को भरने, अस्पतालों में मशीनों के प्रबंध और अस्पतालों के जर्जर हो चुके भवनों को ठीक करवाने की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री के क्षेत्र में सरकारी अस्पताल की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। एक महिला ने अस्पताल की लापरवाही के चलते अस्पताल के गेट के बाहर ही सब्जी की रेहड़ी पर ही बच्चे को जन्म दे दिया।

# 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर चलना होगा : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर चलना है और यह तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर इसके लिए सहयोग करेंगे। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव नवादा और गांव बडख़ल, नियर दल्लिी वाली मस्जिद के निकट विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में वेंडर स्कीम के तहत रेडी फड़ी वालों को 10000 से लेकर के 50000 तक का की धनराशि बिना ब्याज के दी जा रही है। आयुष्मान योजना के तहत देश में 500000 रुपये की धनराशि तक का सालाना इलाज गरीब परिवारों का किया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को आयुष्मान योजना के साथ जोडक़र गरीब परिवारों की आय 180000 रुपए की है। प्रदेश में 39 लाख परिवारों के पीले कार्ड बनाए गए हैं। देश के 11 करोड़ किसानों को 6000 सालाना सीधा खाते में जा रहा है। वहीं 5 लाख परिवारों को कोविड के टाइम में फ्री में महिलाओं को सहायता का काम किया। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यमसे 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में गैस के कनेक्शन दिए हैं और करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम मोदी की गारंटी वाली सरकार ने किया है। मोदी सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनर्भिर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

■ मोदी की गारंटी पर जनता का भरोसा

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत



फरीदाबाद। स्टॉलों का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

# लेन चेंज नियमों का उल्लंघन करने पर 73 वाहनों का चालान

**फरीदाबाद।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक विशेष अभियान के तहत शनिवार भारी वाहनों के रॉन्ग लेन, लाइन चेंज वाहन चालकों के चालान काटे गए है। पुलिस ने 73 चालकों को नियमों के उल्लंघन के आरोप में पकड़ा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सड़क पर यातायात के दौरान होने वाली दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान, चालान काटकर जुर्माना लगाने के साथ-साथ वीडियो वेन के माध्यम से भी स्कूल, कॉलेज व आम जनता में जाकर भी जागरूकता अभियान किए जाते हैं। लेन चेंज के बारे में उन्हें बताया जाता है कि भारी वाहन चालक अपनी लेन में ड्राइविंग करे ताकि यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे। सडक़ पर सबसे लेफ्ट वाली लेन भारी वाहनों के लिए होती है। जो भारी वाहन अपनी लाईन में ना चलके अन्य लाईन में चल रहे थे उनके चालान काटे गए है। सडक़ पर अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एक्सीडेंट जैसी घटनाएं घटित हो जाती हैं जिसके कारण कई बार वाहन चालकों के साथ-साथ यातायात कर रही आम जनता भी सडक़ दुर्घटना का शिकार होती है। सडक़ दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और अपनी मंजिल तक सुरक्षित पहुंचे तथा दूसरों को सुरक्षित पहुंचाने में उनका सहयोग करें।



चालान काटते पुलिस कर्मचारी।

## सुविचार

फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना, क्योंकि इस बार शून्य से नहीं अनुभव से होगी।
-अज्ञात

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





05 जर्मनी ने चिली को 3-0 से हराया, सुजुकी और ओइकावा के गोल से जीता जापान



## कई जिलों में छाया घना कोहरा, हादसों में भाई-बहन समेत पांच की मौत

*रेवाड़ी में ठंड ने छह साल का रिकॉर्ड तोड़ा 1.8 डिग्री पर आया पारा*

# सूबे में सबसे ठंडी रात, रेवाड़ी में तीसरे दिन भी जमा पाला

- प्रदेश में तीन दिन शीत लहर का अलर्ट जारी
- ठंड से ठहरी जिंदगी, सड़क, रेल यातायात प्रभावित
- बाहर खड़ी कारों पर बर्फ की मामूली परत दिखी
- दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नूंह के पास भीषण हादसा
- परीक्षा देने जा रहे 2 छात्रों की मौत, कई घायल

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सितम कई दिनों से जारी है। सूबे में शुक्रवार की रात रेवाड़ी में सबसे ठंडी रही। ठंड ने छह साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि महेंद्रगढ़ में 2.5 और गुरुग्राम में 2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अलसुबह कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण कई स्थानों पर भीषण सड़क हादसे हुए हैं। इनमें भाई बहन समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रदेश में मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। सुबह के समय घने कोहरे वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाए रखे। दोपहर के तेज धूप ने ठंड का असर कम किया। दोपहर बाद आसमान में बादल छाने के बाद ठंड का असर फिर से बढ़ गया। देर शाम तक फिर कोहरा छा गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो-तीन दिन तक भीषण ठंड और शीतलहर से राहत नहीं मिलने वाली है।



रेवाड़ी में 10 से 15 मीटर तक रही दृश्यता

### हिमाचल में जमी झीलें, ट्रेनें लेट

उत्तर भारत के कई राज्यों तेज सर्दी बनी हुई है। दिल्ली में शनिवार को इस सर्दी के मौसम की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई। मिनिमम टेम्परेचर गिरकर 3.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कोहरे की वजह से दिल्ली से चलने वाली या वहां पहुंचने वाली 18 ट्रेन 1 से 6 घंटे की देरी से चल रही हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया। इस वजह से झीलें, नदी-नाले और झरने तक जम गए हैं। अटल टनल के नजदीक लाहौल स्पीति के सिस्सू में झीलों पर भी ठोस बर्फ की परत जम गई।

### कई जिलों में जमाव बिंदू पर पारा

प्रदेश के कई जिलों में तापमान में जमाव बिंदु की तरफ बढ़ रहा है। एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 24 घंटे के अंदर ही तापमान में आधा डिग्री से ज्यादा की गिरावट हुई। दो दिन से कुछ जगह पाला भी जम रहा है। जिसकी वजह से बाहर खड़ी होने वाली कारों की छत और अन्य जगह पर बर्फ की मामूली परत भी दिखाई दे रही है।

### रिकॉर्ड तोड़ ठंड

इस बार सर्दी ने छह साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, नारनौल, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत और झज्जर में नए साल की शुरुआत से ही कड़ाके की ठंड का प्रकोप बना हुआ है। एक सप्ताह तक तो इन जिलों में सूर्य देव के ही दर्शन नहीं हुए। हालांकि 10 जनवरी के बाद से लगातार मौसम साफ हो रहा है।

### सड़क पर कोहराम : कई जिलों में टकराए वाहन

**हरिभूमि टीम. हरियाणा।** प्रदेश में शनिवार को घने कोहरे ने कहर बरपाया है। कई जिलों में हुए सड़क हादसों में भाई बहन समेत छह लोगों की मौत हो गई। कई अन्य घायल हुए हैं। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर एक्सयूवी और हाइवा की टक्कर में भाई बहन की मौत हो गई, चार लोग गंभीर रूप से घायल। आरोपित डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि सुबह 9:30 बजे सोहना से अलवर परीक्षा देने जा रहे एक फोर्ड गाड़ी की डंपर से भिड़ंत हो गई। हादसे में गाड़ी चकनाचूर हो गई, जबकि परीक्षा देने जा रहे हर्ष सैनी (22 ) व उसकी बहन अंजलि सैनी (24) वर्ष की मौत हो गई। जांच अधिकारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस को दुर्घटना में घायल मानवी की तरफ से शिकायत मिल गई है पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



#### यहां भी हादसे

**महेंद्रगढ़:** नेशनल हाईवे 152-डी पर कार डिवाइडर से टकराकई। युवक की मौत, 4 घायल।

**झज्जर:** संतुलन बिगड़ने से डीघल टोल के पास डिवाइडर से भिड़ी ट्रैक्टर-ट्राली, दो की मौत।

**पलवल:** हाइवे पर ट्रक से टकराई बस, ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, एक की मौत और छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

**16 तक धुंध का अलर्ट**

मौसम विभाग ने 16 जनवरी तक के लिए घनी धुंध, शीतलहर चलने और कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है। किसानों के लिए गाइड लाइन जारी की है। सरसों व सब्जी की फसल करने वाले किसानों को सलाह दी गई है कि वह फसल की हल्की सिंचाई करते रहें। हालांकि पाले से गेहूं की फसल को लाभ हो रहा है।






### मुंबई से गुवाहाटी जा रहे विमान की बांग्लादेश में आपात लैंडिंग

**मुंबई/गुवाहाटी (एजेंसी)।** मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो फ्लाइट की शनिवार को बांग्लादेश के ढाका में लैंडिंग कराई गई। गुवाहाटी में घने कोहरे के कारण फ्लाइट लैंड नहीं हो सकी और उसे डायवर्ट किया गया। इस फ्लाइट में 178 पैसेंजर्स सवार थे। चूंकि डोमेस्टिक फ्लाइट होने के कारण सभी यात्री बिना पासपोर्ट के सफर कर रहे थे, इसलिए ढाका में उन्हें फ्लाइट से उतरने की इजाजत नहीं मिली। इसके कारण यात्रियों को 12 घंटे फ्लाइट के अंदर ही बैठना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक मुंबई से गुवाहाटी जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5319 शुक्रवार की रात 8:20 बजे उड़ाने भरने वाली थी। इसे रात 11:10 बजे गुवाहाटी पहुंचना था। हालांकि मुंबई से ही यह फ्लाइट 11:12 बजे चली थी। सुबह 3:26 बजे इसे गुवाहाटी पहुंचना था।

- कोहरे से फ्लाइट ढाका डायवर्ट हुई
- 178 यात्री 12 घंटे विमान में बैठे रहे
- मुंबई से फ्लाइट ने 11:12 बजे भरी थी उड़ान

## मॉडल दिव्या पाहुजा का शव फतेहाबाद में नहर से बरामद

*पुलिस ने टैटू से पहचाना, जांच के लिए भेजी लाश*

**जाखल/गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा का शव शनिवार को 12वें दिन फतेहाबाद के जाखल में भाखड़ा नहर से बरामद किया है। हरियाणा पुलिस ने दिव्या की पहचान उसके शरीर पर बने टैटू से की है। शव को बाहर निकालकर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि दिव्या की लाश को ठिकाने लगाने वाले बलराज गिल की कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तारी के बाद इसका सुराग मिला था। इसके बाद एनडीआरएफ की 25 टीमों की मदद सो से खनौरी तक लाश की तलाश की गई। शव मिलने के बाद पुलिस ने दिव्या के परिवार को फोटो भेजकर पहचान करवाई। गुरुग्राम के एसीपी क्राइम वरूण दहिया ने इसकी पुष्टि की।



11 दिन पहले गुरुग्राम के होटल में हुआ था मर्डर, शव ठिकाने लगाने वाला बलराज एयरपोर्ट से पकड़ा

#### होटल में मारी थी गोली

करीब 11 दिन पहले पाहुजा की गुरुग्राम के होटल 'होटल सिटी प्वाइंट' में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके सिर में इसलिए गोली मार दी, क्योंकि वह कथित तौर पर होटल मालिक अभिजीत सिंह (56) की 'अश्लील तस्वीरों' के जरिए उसे ब्लैकमेल करके पैसे वसूल रही थी।

**अब तक 5 गिरफ्तार** दिव्या की हत्या के मुख्य आरोपित अभिजीत सिंह, होटल के नौकर ओमप्रकाश, हेमराज के अलावा अभिजीत सिंह की दूसरी गर्लफ्रेंड नजफगढ़ निवासी मेघा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में पांचवीं गिरफ्तारी बलराज गिल के रूप में हुई है। वहीं रवि बंगा अभी फरार है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में 15 को दोपहर बाद अवकाश रहेगा

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार की ओर से 15 जनवरी को सभी कर्मचारियों को दोपहर बाद अवकाश प्रदान किया गया है। गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव को लेकर सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल की ओर से जारी एक पत्र में सूचना जारी की गई है। सोमवार 15 जनवरी को सभी कर्मचारी बोर्ड, कॉरपोरेशन में दोपहर बाद अवकाश रहेगा। ब्यूरो

### महादेव सट्टेबाजी एप मामले में दो और गिरफ्तार

**रायपुर।** ईडी ने महादेव ऑनलाइन एप के जरिये सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप मामले में जारी धन शोधन से संबंधित जांच में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडे ने कहा कि कोलकाता के रहनेवाले नितिन टिबरेवाल और रायपुर के अमित अग्रवाल को धन शोधन निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया और शुक्रवार को रायपुर की एक विशेष अदालत में पेश किया गया। भाषा

### गेहूं, चावल पर निर्यात प्रतिबंध नहीं हटेगा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि सरकार के सामने फिलहाल गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाने का कोई भी प्रस्ताव नहीं है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत का गेहूं और चीनी के आयात का भी कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, गेहूं, चावल और चीनी पर निर्यात प्रतिबंध हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके साथ ही भारत गेहूं और चीनी का आयात नहीं करेगा। यानी ये चीजें महंगी नहीं होंगी। भाषा

## गन्नौर में वंदे भारत एक्सप्रेस के इंजन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अमृतसर से नई दिल्ली की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शनिवार को दोपहर में गन्नौर रेलवे स्टेशन के पास गोवंश से टकरा गई। इसे ट्रेने के इंजन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गुमड रोड फ्लाईओवर के नीचे गोवंश आने से यह हादसा हुआ। हादसे के बाद ट्रेन करीब 20 मिनट रेलवे स्टेशन पर रुकी रही, इस दौरान वंदे भारत में ही सवार इन्जीनियरों ने क्षतिग्रस्त हिस्से को उखाड़कर ट्रेन के अन्दर रखा। इसके बाद ट्रेन दिल्ली रवाना हो गई। गन्नौर रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी व जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची।



- स्टेशन के पास गोवंश सामने आने से हादसा
- अमृतसर से दिल्ली जा रही थी वंदे भारत ट्रेन
- 20 मिनट तक स्टेशन पर ही रुकी रही

#### यह बोले स्टेशन अधीक्षक

स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि वंदे भारत 12:58 बजे स्टेशन पर रुक गई और 1:21 बजे क्षतिग्रस्त हिस्से को ठीक करने के बाद रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।

#### यह बोले जीआरपी प्रभारी

जीआरपी प्रभारी सुरेश ने बताया कि नगरपालिका के सफाई कर्मियों को कई बार वे बोल चुके हैं कि रेलवे लाईन के बाद कूड़ा न डालें, लेकिन वे मानतजे नहीं। इस कारण गोवंश व गाय रेलवे ट्रेक पर आ जाती हैं।

*डॉ. दास केएलडीबी के मैनेजिंग डायरेक्टर थे*

## केरल में लाइव टीवी शो के दौरान प्रोफेसर की जान गई

**तिरुवनन्तपुरम(एजेंसी)।** केरल के दूरदर्शन चैनल में एक लाइव शो के दौरान एग्रीकल्चर एक्सपर्ट की मौत हो गई। मृतक की पहचान डॉ. अनी एस दास (59 साल) के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार की है। इसका वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया कि डॉ अनी दूरदर्शन के कृषि दर्शन प्रोग्राम में भाग लेने आए थे। शो के एंकर ने उनसे सवाल पूछा। जवाब देने के दौरान डॉ अनी अचानक चुप हो गए और कुर्सी पर पीछे की तरफ झुक गए। चैनल के कर्मचारी उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक उनकी मौत की वजह पता नहीं चली है। डॉ. अनी एस दास कोल्लम के रहने वाले थे। वे केरल लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड (केएलडीबी) के मैनेजिंग डायरेक्टर और सेंटर फॉर बायोरिसोर्सेस एंड एग्रीकल्चरल सर्विसेज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। वे केरल एग्रीकल्चरल विवि के मन्नुथी कम्युनिकेशन सेंटर में प्रोफेसर भी थे।



दूरदर्शन पर सवालों के जवाब दे रहे थे, बोलते-बोलते कुर्सी पर ही लुढ़के

## छत्तीसगढ़ में कार की सीट से निकला पांच करोड़ का सोना

- बंगाल से महाराष्ट्र ले जा रहे थे 7 किलो से अधिक गोल्ड
- चार पैकेट में 39 बिस्किट, 22 पत्तियां बरामद की
- महासमुंद एसपी बोले- अंतरराष्ट्रीय तस्कर से जुड़ रहे तार

**महासमुंद (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद में पुलिस ने 7 किलो से ज्यादा सोना जब्त किया है। बरामद सोने की कीमत करीब 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। अफसरों के मुताबिक, ये अंतरराष्ट्रीय तस्करी से जुड़े हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, सिंघोड़ा क्षेत्र के इंटर स्टेट चेक पोस्ट रेहटीखोल नेशनल हाईवे-53 पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से पश्चिम बंगाल नंबर की एक सफेद रंग की कार आती दिखाई दी। इस पर उसे रुकवाया गया।



#### यह बरामद

पुलिस ने बताया कि पैकेट से 39 बिस्किट और 22 सोने की पत्तियां बरामद हुई हैं। यह करीब 7 किलो 861 ग्राम सोना था। इससे जुड़े दस्तावेज मांगे गए, लेकिन कार सवार नहीं दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने सोना सहित दोनों कार और 5 मोबाइल जब्त किए हैं।

#### सीट में चैंबर बनाकर छिपाया

कार में 3 लोग सवार थे। अभी पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही थी कि इसी दौरान महाराष्ट्र नंबर की एक और कार को रोका गया। उसमें 2 लोग थे। उस कार की तलाशी ली गई तो पिछली सीट पर चैंबर बना दिखाई दिया। उसको खोलने पर अंदर से सोना बरामद हुआ।

#### महाराष्ट्र जा रहे थे

एसपी राजेश कुकरेजा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पश्चिम बंगाल के खड़गपुर से सोना लेकर महाराष्ट्र जा रहे थे। इसकी कीमत 4 करोड़ 76 लाख 86 हजार 400 रुपए से अधिक आंकी गई है।

*92 साल की सिंगर ने पुणे में ली अंतिम सांस*

## क्लासिकल सिंगर प्रभा अत्रे का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**पुणे (एजेंसी)।** हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को अपनी रचनात्मक किरणों से सजाने वाली डॉ प्रभा अत्रे का शनिवार को पुणे में निधन हो गया। वे 92 साल की थीं। गायिका का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ। अस्पताल ले जाते समय ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। 20वीं सदी की सबसे उम्दा कलाकारों में से एक डॉ प्रभा ने न केवल शास्त्रीय संगीत की परंपरा को बखूबी आगे बढ़ाया, बल्कि वो अकादमी, रिसर्च और लेखन क्षेत्र में भी बेहतरीन थीं। शास्त्रीय संगीत को लेकर उनका विजन मामूली नहीं था, इस जटिल विधा में भी उनके नित- नए प्रयोग ही उनकी पहचान बन गए।



मुंबई के कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं तीनों पद्म अवॉर्ड्स से सम्मानित हो चुकी थी

#### योगदान नहीं भुला सकते

देश-विदेश में जब भी शास्त्रीय संगीत की लोकप्रियता की बात होगी, डॉ प्रभा के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। यही वजह है कि डॉ प्रभा भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले तीनों ही पद्म अवॉर्ड्स से सम्मानित की जा चुकी हैं। डॉ प्रभा अत्रे किराना घराने से जुड़ी थीं। उनका नाम 20वीं सदी की सबसे उम्दा कलाकारों में गिना जाता है।

**सियासत** डिजिटल माध्यम से हुई बैठक में सहमति, पार्टी प्रमुखों की एक टीम और बनेगी

*करीब 2 घंटे चली बैठक में सीटों को लेकर भी चर्चा, मीटिंग में 9 दल शामिल हुए, उद्धव-ममता नहीं जुड़े*

## खरगे बने 'इंडिया' गठबंधन के अध्यक्ष पवार बोले, संयोजक की जरूरत नहीं

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का अध्यक्ष बनाए जाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम पर शनिवार को आम सहमति बन गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के संबंध में आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। विपक्षी दलों के नेताओं ने डिजिटल माध्यम से बैठक की और गठबंधन के विभिन्न पहलुओं तथा अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता बैठक में शामिल नहीं हुए।



#### यह बोले पवार

मीटिंग खत्म करने के बाद पुणे में शरद पवार ने कहा- पार्टियों के बीच संयोजक की नियुक्ति को लेकर कोई विवाद नहीं है। मीटिंग में नीतीश कुमार का नाम संयोजक के लिए सुझाया गया था। बाद में सहमति बनी कि, पार्टी प्रमुखों की एक टीम बनाई जानी चाहिए। संयोजक नियुक्त करने की जरूरत नहीं है। लोकसभा चुनाव को लेकर पवार ने कहा- गठबंधन को वोट मांगने के लिए किसी एक चेहरे को पेश करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि नेता कोई भी हो सकता है। यह इलेक्शन रिजल्ट घोषित होने के बाद चुना जाएगा।

#### यह भी चर्चा हुई

सूत्रों ने कहा कि नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल(यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनाने का भी फैसला किया, लेकिन अंतिम फैसला उन पार्टियों से परामर्श करने के बाद लिया जाएगा, जिनके प्रतिनिधि बैठक में मौजूद नहीं थे। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए इंडिया के बैनर तले 28 विपक्षी दल एक साथ आए हैं।

#### नीतीश गठबंधन के निर्माता

जदयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने बताया-वर्चुअल मीटिंग में नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। नीतीश गठबंधन के निर्माता हैं और यह पद संयोजक से बड़ा होता है। प्रधानमंत्री चेहरे के सवाल का जवाब देते हुए त्यागी बोले- पहले चुनाव रिजल्ट घोषित हो जाए उसके बाद इस पर बात करेंगे।

## खबर संक्षेप

### वाहन की चपेट मे आने से एक मजदूर की मौत

**जींद।** गांव भौंगरा के निकट उचाना-नारनौंद मार्ग पर बीती देर रात घूमने निकले तीन भट्ठा मजदूरों को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। उचाना थाना पुलिस ने मृतक मजदूर के पिता की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवार समेत गांव भौंगरा ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। बेटा सतीश साथी मजदूर शिवा, सतीश के साथ घूमने निकला था।

### कार सवार दो युवक हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव भंबूर क्षेत्र से कार सवार दो युवकों को 105 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पुलिस टीम सहायक उप निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में गश्त व चैकिंग के दौरान गांव भंबूर क्षेत्र में मौजूद थी।

### लाखों की धोखाधड़ी में चार लोगों पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** लॉजिस्टिक कंपनी के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में थाना धारूहेड़ा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दर्ज शिकायत में खिजूरी स्थित वरुणा लॉजिस्टिक प्राइवेट लि. कंपनी के अधिकारी संजीव कुकरेजा ने बताया कि उसकी कंपनी में विनोद जैन 16 साल से कार्यरत था।

## अंबाला में युवक को यातनाएं देने का मामला उजागर होने पर कार्रवाई

# दो नशा मुक्ति केंद्रों पर रेड, जांच में अवैध पाए गए, 27 युवकों को रिहा करवाया

- युवक को चप्पल-डंडों से पीटाकर 2 दिन बाथरूम में भूखा-प्यासा रख पेशाब पिलाने का आरोप
- अब दोनों केंद्र के संचालकों पर कार्रवाई की तैयारी स्वास्थ्य विभाग व पुलिस की जांच में खुले कई राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला







अंबाला। नशा मुक्ति केंद्र के बाहर तैनात पुलिस कार्रवाई करती जांच टीम रिहा करवाए गए युवक। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्ति केंद्र में युवक को यातनाएं देने का मामला उजागर होने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने दो केंद्रों पर रेड कर यहां के रिकॉर्ड को खंगाला। जांच के दौरान दोनों नशा मुक्ति केंद्र पूरी तरह से अवैध निकले। अब इनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी हो रही है। शाम को पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खतौली स्थित नशा मुक्ति केंद्र पर रेड की। जांच के दौरान यह केंद्र अवैध पाया गया। इसी केंद्र में दाखिल एक युवक ने संचालकों पर यातनाएं देने का आरोप लगाया था। इसके बाद इस अवैध केंद्र को सील करने के आदेश दिए गए। इसी तरह दूसरा अवैध नशा मुक्ति केंद्र गांव गरनाला में मिला। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर खतौली व गरनाला के केंद्रों में उपचार के लिए भर्ती 27 युवकों को भी डिस्चार्ज करवाया।

स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ डॉ. राजिद्र राय ने बताया कि खतौली गांव में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र के पास प्रोविजनल लाइसेंस था लेकिन उसे मरीज रखने की अनुमति नहीं थी। गरनाला गांव में चल रहा नशा मुक्ति केंद्र पूरी तरह से अवैध था। पुलिस के मुताबिक गांव खतौली में दबिश देकर 3 युवकों को रेस्क्यू किया। दो कर्मचारियों को भी केंद्र से हिरासत में लिया गया है। जांच टीम ने गांव गरनाल के नशा मुक्ति केंद्र से भी 24 युवकों को रिहा करवाया। यहां मौके से स्टाफ के 4 लोगों को भी पकड़ा गया। पुलिस ने सभी युवक उनके परिजनों के हवाले कर दिए हैं। जांच टीम में एसएमओडॉ. राजिंदर राय, असस्टिेंट प्लॉनिंग ऑफिसर संजीव सुखीजा, डीएसडब्ल्यू संजीत के साथ पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

### केंद्र में पंजाब के भी युवक भर्ती थे

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि गरनाला व खतौली गांव के अवैध नशा मुक्ति केंद्र में ज्यादातर युवा पंजाब के लुधियाना व अन्य शहरों के थे। इनमें अंबाला व नारायणगढ़ के भी कुछ युवक भर्ती थी। दोनों नशा मुक्ति केंद्र किराए की बल्डिगिं में अवैध रूप से चल रहे थे। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। पंजोखरा थाना प्रभारी वक्रिांत ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।खतौली नशा मुक्ति केंद्र में 11 जनवरी को दाखिल एक युवक को यातनाएं देने का मामला सामने आया था। परिजन जब युवक से मिलने के लिए गए तो पता चल कि युवक को चप्पल व डंडों से पीटा था। शौचालय में 2 दिन बंद कर पेशाब भी पिलाया। पंजोखरा थाना पुलिस ने बीसी बाजार निवासी युवक के भाई आकाश की शिकायत पर नशा मुक्ति केंद्र संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर किया था।

### केंद्र से भागे युवकों के शव नहर से मिले थे

पिछले साल अक्टूबर में भी यहां के मटहेड़ी शेखां में अवैध नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ हुआ था। यहां से नशे की लत में फंसे 32 युवकों को रिहा करवाया गया। इसके कुछ दूरी पर दूसरा अवैध नशा मुक्ति केंद्र चल रहा था लेकिन टीम की दबिश की भनक लगते ही आरोपी पहले ही फरार हो गए थे। इसका खुलासा तब हुआ जब पटियाला नहर में 3 युवकों के शव मिले थे। परिजनों ने पंजाब पुलिस के सामने मटहेड़ी शेखा में तीनों युवकों के भर्ती होने की बात कही थी। आरोप है कि नशा मुक्ति केंद्र से भागते हुए तीनों युवकों का केंद्र के स्टाफ ने पीछा किया था। तीनों युवकों ने डर के चलते नहर में छलांग लगाई थी। डूबने से तीनों युवकों की मौत हो गई थी। पंजाब पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर नशा मुक्ति केंद्र संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया था।



सिरसा। पंचायत भवन में मेडिकल स्टोर संचालकों व प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक शुत्रजीत कपूर। फोटो : हरिभूमि

## केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में बोले डीजीपी

# नशामुक्त समाज में मेडिकल स्टोर संचालक निभाएं अहम भूमिका

- डॉक्टर की अधिकृत पर्ची के बिना न बेचें प्रतिबंधित दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शुत्रजीत कपूर ने कहा कि बिना किसी डॉक्टर की अधिकृत पर्ची के कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक किसी भी हालत में प्रतिबंधित दवाओं को न बेचें। यह न सिर्फ कानूनी रूप से गलत है बल्कि साथ ही इस तरह का व्यवहार लोगों में नशीली दवाओं के प्रयोग को बढ़ाता है। नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाई जा रही मुहिम में सभी मेडिकल संचालक अपना सहयोग दें। वे शनिवार को बरनाला रोड स्थित पंचायत भवन में जिला के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों व उनके प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डीजीपी सिरसा में अपने दौरा कार्यक्रम के दूसरे दिन नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम के तहत यह बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में मेडिकल स्टोर संचालक कंधे से कंधा मिलाकर अपना सहयोग कर नशा मुक्त समाज बनाने में अहम भूमिका निभाएं। जिले में अन्य नशे के साथ दवाओं का नशा भी काफी प्रचलन में है।

### जिले को नशा मुक्त करने के लिए किए जा रहे हैं प्रयास

**डबवाली।** बढ़ते नशे पर नकेल डालने के लिए ही डबवाली को पुलिस जिला बनाया गया था और इस दिशा में अब बेहतर तरीके से काम किया जा रहा है। यह बात हरियाणा पुलिस के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने डबवाली सिटी थाना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हर गांव व वार्ड को एक यूनिट मानकर नशा मुक्त करने के प्रयास किया जा रहे हैं। और इसमें लोगों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल नशे की बिक्री को रोकने के लिए भी कई प्रकार के उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी तक इस पर पूरी तरह से अंकुश लगा लिया जाएगा।

### मेडिकल स्टोर संचालकों से मांगा सहयोग

डीजीपी ने कहा, नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में मेडिकल स्टोर संचालकों का सहयोग कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक समस्या है, इसलिए इसे दूर करने में समाज के सभी लोग मिलकर कार्य करें। पुलिस महानिदेशक शुत्रजीत कपूर ने कहा कि किसी भी सूरत में दवाओं का दुरुपयोग नही होना चाहिए तथा कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक प्रतिबंधित नशीली दवा न बेंचे।

## 4.5 करोड़ की लूट का आरोपी 5 साल बाद दबोचा



**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा के निकट वर्ष 2008 में 4.5 करोड़ रुपये और कार लूटने के एक आरोपी को लगभग पांच साल बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले के पांच आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। गुजरात के रामपुरा निवासी करण पटेल वर्ष 2018 में गुरुग्राम से कंपनी का साढ़े चार करोड़ रुपये कैश लेकर जा रहा था। मानेसर से निकलने के बाद बदमाशों ने तीन गाड़ियों से उसका पीछा करना शुरू कर दिया। धारूहेड़ा के निकट गाड़ी रुकवाकर बदमाशों ने करण पटेल को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया। काफी देर तक उसे सड़कों पर घुमाने के बाद बदमाश राजस्थान के भिवाड़ी एरिया में उसे कार से गिराकर फरार हो गए थे।

## ठेके पर कैश लेने पहुंचे मुनीम से मांगी रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव महमूदपुर में शराब ठेके पर दिनभर का कैश लेने पहुंचे मुनीम से एक ग्रामीण ने गांव में ठेका चलाने के लिए प्रति माह 15 हजार रुपये की रंगदारी की मांग की। ठेके का शटर बंद कर दिया गया और खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव कथूरा के रणबीर उर्फ कालू ने पुलिस को बताया कि वह शराब कारोबारी सुंदर के पास मुनीम का काम करता है। शुक्रवार रात को वह गांव महमूदपुर में शराब ठेके से दिनभर का कैश लेने गया था। उसी समय गांव महमूदपुर का सोनू आया और कहने लगा कि यह ठेका हमारा था। अगर अब तुम्हें ठेका चलाना है तो प्रति माह उसे 15 हजार रुपये देने होंगे। उसने मना किया तो ठेके का शटर बंद कर दिया और कहा अगर शटर उठाया तो जान से मार दूंगा। उसे बदमाशों से पिटवाने की धमकी दी।

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर हड़पे सात लाख

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र में दस साल रिलेशन में रहे युवक ने युवती की अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे सात लाख रुपये हड़प लिए। आरोप है कि जब युवती का रिश्ता हो गया तो आरोपी ने फोन कर उसका रिश्ता भी तुड़वा दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढौरा थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके मौहल्ले का ही युवक सुनील करीब 10 साल से उसके साथ रिलेशन में रहा। इसके बाद उसने आरोपी से बात करनी बंद कर दी। उसके परिवार वालों ने उसका रिश्ता तय कर दिया। आरोप लड़के से रिश्ता तुड़वा दिया।

## यमुनानगर के जगाधरी में वारदात

# नुकीली वस्तु से छाती पर वार कर नाबालिग लड़के की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। पोस्टमार्टम की कागजी कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जगाधरी के रक्षक विहार नाके के पास स्थित शिबू मैटल फैक्टरी में एक युवक ने नुकीली वस्तु से छाती पर वार कर नाबालिग लड़के की हत्या कर दी। मृतक करीब एक सप्ताह से फैक्टरी में काम पर जाने लगा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के जिला सिवान के गांव रामपुर निकरी निवासी रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ सेक्टर-18 हुडा में रहता है। उसका 16 वर्षीय लड़का अमन रक्षक विहार नाके के पास स्थित शिबू मैटल फैक्टरी में काम करता था। वह करीब एक सप्ताह पहले ही काम पर जाने लगा था। उसी फैक्टरी में उनके पड़ोस में रहने वाला युवक राजीव भी काम करता है। लड़का फैक्टरी में काम पर गया था। शाम को लड़के अमन को राजीव ने चोट मार दी है।

## अंबाला में झिरका से आए दंपति की शिकायत सुनने के बाद बोले गृहमंत्री

# प्रदेश में कबूतरबाजों के लिए कोई जगह नहीं, ऐसे लोग छोड़ दें हरियाणा: विज

- विज ने कबूतरबाजी के कई मामलों की जांच एसआईटी को भेजी, दूसरी शिकायतों पर भी कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते गृहमंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश से कबूतरबाजों का सफाया किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कबूतरबाजों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है ऐसे लोग हरियाणा को छोड़ दें। ऐसे मामलों के लिए गठित एसआईटी द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अब तक 500 से अधिक ऐसे आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी भी मिली है। विज शनिवार को अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान घरौंडा से आए एक दंपत्ति ने उसके भाई को विदेश भेजने के नाम पर साढ़े 5 लाख रुपये की ठगी होने बारे, जंधेडी से आई एक महिला ने विदेश में भेजने के नाम पर साढे 3 लाख की ठगी होने बारे तथा एक-दो अन्य मामलों में भी विदेश भेजने के नाम पर ठगी होने की शिकायत पर विज ने एसआईटी को जांच के आदेश दिए हैं। फिरोजपुर झिरका से आए एक दंपत्ति ने दुष्कर्म के मामले में संलप्ति आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने बारे अपनी शिकायत रखी। इस पर उन्होंने कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी। करनाल से आए एक दंपत्ति ने उसके लड़के के साथ मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न करने बारे, रोहतक से आए एक प्रार्थी ने लड़ाई-झगड़े के मामले में गलत तरीके से धारा 307 लगाने की शिकायत की।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जगत, प्रोपराईटर मैसर्स जगत होम्स** पता : 352, जय विहार, मेन बझेरा रोड, राजेंद्रा पार्क, गुरुग्राम, हरियाणा और **C/o** कँवल सिंह पता: जय नारायण, खसरा नं. 4056, एच–42, नं. 2 सिटी रोहतक, हरियाणा ने **सीसी सं. 1826/19 धारा 138 एनआई एक्ट** थाना प्रशांत विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जगत, प्रोपराईटर मैसर्स जगत होम्स** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जगत, प्रोपराईटर मैसर्स जगत होम्स** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **जगत, प्रोपराईटर मैसर्स जगत होम्स** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 15.02.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री तुषार गुप्ता,
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट–04 (उत्तरी)
कमरा नं 110, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14890/RD/2023
(Court Notice)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुभाष, पुत्र धर्मपाल,** निवासी गांव जखोली कैथल, हरियाणा ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 510/2019, धारा 408/34 भा.द.सं.** के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 510/2019, धारा 408/34 भा.द.सं.** के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुभाष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 15.02.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
आयुष शर्मा
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 113, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/543/RD/2024

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5394



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

**शब्द पहेली- 5393 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | या | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | व | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |

**सूडोकु नवताल - 5404** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5403 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत, कोहली की होगी वापसी, अफगान के खिलाफ टी20 आज

एजेंसी ▶▶| इंदौर

अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में जीत को अब भी क्रिकेट की बड़ी उपलब्धियां में नहीं गिना जाएगा। लेकिन भारत के कुछ खिलाड़ी रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इसे हासिल करने के लिए बेताब होंगे, ताकि वह टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए दावा मजबूत कर सकें। भारत ने मोहाली में खेले गए पहले मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई।

ऐसे में जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं की नजर में बने रहें जिनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के लिए अदद टीम का चयन करना है। भारतीय टीम को जून में होने वाले विश्व कप से पहले कोई अन्य टी20 श्रृंखला नहीं खेली है और ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन काफी मायने रखता है।



## युवा अच्छा प्रदर्शन कर खींचेंगे चयनकर्ताओं का ध्यान

### तिलक को मौका मिलना मुश्किल

तिलक वर्मा का मामला भी ऐसा ही है। उन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में 39, 51 और नाबाद 49 रन बनाकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगली 13 पारियों में केवल एक अर्धशतक लगा पाए। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज के लिए यह आंकड़े पर्याप्त नहीं होंगे और उन्हें बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। हालांकि यह देखना होगा कि वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं कि नहीं क्योंकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पहले मैच में नहीं खेल पाने के बाद इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।



**टीम इस प्रकार है**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान:** इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारुकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, क़ैस अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान।

### अक्षर टेस्ट के लिए तैयार

चोटिल होने के कारण वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाने वाले अक्षर अब सीमित ओवरों ही नहीं बल्कि टेस्ट मैचों में खेलने के लिए भी तैयार है। बाएं हाथ के इस स्पिनर के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ मोहाली में पहले टी20 मैच में 23 रन दे कर दो विकेट लिए थे। वह अगले मैच में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### विकेटकीपर जितेश ने किशन को पीछे छोड़ा

जितेश ने ईशान किशन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज की दौड़ में खुद को आगे कर दिया है। उन्होंने निचले मध्यक्रम में कुछ उपयोगी पारियां खेली हैं और वह अपना दावा पक्का करने के लिए बड़ी पारियां खेलने की कोशिश करेंगे।

### अफगानिस्तान के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद

भारतीय टीम अफगानिस्तान को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी क्योंकि उसके पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। युवा रहमानुल्लाह गुरबाज़, अज़मतुल्लाह उमरज़ई और अनुभवी मोहम्मद नबी किसी भी तरह के गेंदबाजी आक्रमण को तहस नहस करने की क्षमता रखते हैं। गेंदबाजी विभाग में स्टार स्पिनर राशिद खान की अनुपस्थिति के बावजूद अफगानिस्तान के पास मुजीब उर रहमान जैसा उपयोगी स्पिनर है। तेज गेंदबाजी विभाग में नवीन उल हक और फजलहक फारूकी अच्छी भूमिका निभा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### भारत एशिया कप में आस्ट्रेलिया से हारा

**अल रेयान।** भारत ने शनिवार को यहां एएफसी एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के शुरुआती ग्रुप मैच में 50वें मिनट तक मजबूत आस्ट्रेलियाई टीम को गोल नहीं करने दिया लेकिन अंत में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। आस्ट्रेलिया के लिए ग्रुप बी के इस मैच में जैक्सन इरविन ने 50वें और जोर्डन ब्रोस ने 73वें मिनट में गोल दागा। भारत 18 जनवरी को दूसरे मैच में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा।

### फॉर्मूला ई से जुड़ने का यह सही समय

**मैक्सिको सिटी।** भारतीय रेसर जेहान दारूवाला को इस बात का खेद नहीं है कि उन्होंने फॉर्मूला वन में जगह बनाने के लिए जूनियर सीरीज में कुछ अतिरिक्त वर्ष लगाए और उन्होंने कहा कि यह फार्मूला ई से जुड़ने का सही समय है। जेहान ने चार साल फार्मूला 2 में रेड बुल जूनियर टीम का हिस्सा रहने के बाद अब फॉर्मूला ई की तरफ रुख किया है। वह फॉर्मूला वन में जगह बनाने में नाकाम रहे। फॉर्मूला 2 में समय बिताने के बाद वह एक साल तक फॉर्मूला ई में महिंद्रा रेसिंग के साथ रिजर्व ड्राइवर रहे।



### कलाई की चोट पूरी तरह ठीक : जोकोविच

**मेलबर्न।** सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच की योजना हर साल की तरह 2024 की शुरुआत आस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंडस्लैम खिताब के साथ करने की है और उनका कहना है कि उनकी कलाई की चोट अब पूरी तरह ठीक है। पिछले हफ्ते यूनाईटेड कप में सर्बिया की ओर से खेलते हुए उनकी कलाई चोटिल हो गयी थी जिससे क्वार्टर फाइनल में उन्हें दो बार उपचार की जरूरत पड़ी थी और फिर वह आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनॉर से हार गए थे। जोकोविच ने कहा, 'मेरी कलाई अच्छी है।



### बीसीबी का अध्यक्ष पद छोड़ेंगे हसन

**ढाका।** नजमुल हसन आम चुनाव में जीत के बाद खेल मंत्री बनाए जाने के कारण बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष पद छोड़ देंगे। नजमुल 2012 से बीसीबी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने 7 जनवरी को हुए चुनाव में किशोरगंज-6 से जी दर्ज की थी और इसके चार दिन बाद उन्हें युवा एवं खेल मंत्री पद सौंपा गया। इसके बाद उनके वर्तमान पद से हटने की संभावना है। नजमुल ने पत्रकारों से कहा, 'मैं दोनों पदों पर बने रह सकता हूं। मंत्री पद हासिल करने और बीसीबी के पद से हटने के बीच कोई संबंध नहीं है। यह कोई मुद्दा नहीं है।'



### महिला ओलंपिक क्वालीफायर: ओरुज, जेटे और लिसा ने दागे गोल

# जर्मनी ने चिली को 3-0 से हराया, सुजुकी और ओइकावा के गोल से जीता जापान

एजेंसी ▶▶| रांची

खिताब के प्रबल दावेदार जर्मनी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां अपने से कम रैंकिंग के चिली को 3-0 से हराकर एफआईएच महिला ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। विश्व में पांचवें नंबर की टीम जर्मनी ने पूल बी के शुरुआती मैच में सेलिन ओरुज़ (7वें मिनट), जेटे फ्लेस्कट्ज़ (10वें) और लिसा नोल्टे (38वें) के गोल की मदद से दुनिया की 14वें नंबर की टीम चिली पर आसान जीत दर्ज की।

जर्मनी ने उम्मीद के अनुरूप आक्रामक शुरुआत की और मैच में अधिकतर समय अपना दबदबा बनाए रखा। चिली की टीम टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई। जर्मनी ने दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। ओरुज़ ने हालांकि जल्द ही दूसरे पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल दिया। इसके तीन मिनट बाद फ्लेस्कट्ज़ ने मैदानी गोल दागा। इसके बाद चिली ने भी दो पेनल्टी कार्नर हासिल किये लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा पाया। नोल्टे ने 38वें मिनट में मैदानी गोल करके जर्मनी की जीत सुनिश्चित की।



### डेविस के दो गोल से जीता न्यूजीलैंड

*फ्रांसिस डेविस के दो गोल की मदद से न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के अपने शुरुआती पूल बी मैच में तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर इटली को 3-0 से हराया। न्यूजीलैंड के लिए डेविस (सातवें, 51वें मिनट) के अलावा स्टेफनी डिकिंस (53वें मिनट) भी गोल दागने में सफल रही। न्यूजीलैंड ने इस मैच की शुरुआत से आक्रामक खेल से इटली की रक्षा पंक्ति पर दबाव बना दिया। न्यूजीलैंड के सामने अपने अगले मैच में रविवार को यहां मेजबान भारत की चुनौती होगी।*

### भारत ओलंपिक क्वालीफायर में अमेरिका से 0-1 से हारा

*रांची। भारतीय टीम शनिवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के शुरुआती मैच में कई मौके गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज अमेरिका से 0-1 से हार गई। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने दबदबा बनाया और गोल करने के कई मौके बनाए लेकिन अमेरिका के डिफेंस को तोड़ने में असफल रही। भारत ने सात पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अमेरिका ने पूल बी के इस मैच के 16वें मिनट में अबीगैल टैमर के बदौलत मैच का एकमात्र गोल किया। इस हार से भारत की पेरिस ओलंपिक की राह और कठिन हो जाएगी क्योंकि अगले मुकाबलों में उसका सामना मजबूत टीम से होगा। दोनों टीम के बीच पहले क्वार्टर में मुकाबला टक्कर का था। दोनों टीम सर्कल में प्रवेश करने में सफल रहीं लेकिन गोल नहीं हो सकीं।*

## सात्विक-चिराग सुपर 1000 खिताब से एक जीत दूर



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शनिवार को कोरिया की विश्व चैंपियन सेओ सेउंग जे और कांग मिन ह्युकडिश की जोड़ी को को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने सत्र के अपने पहले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दूसरे गेम में शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस करीबी मुकाबले का पहला गेम 21-18 से जीता। दूसरे गेम में कोरिया की जोड़ी के पास छह गेम प्वाइंट थे लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार आठ अंक जुटा कर इस गेम को 22-20 से जीतने के साथ फाइनल का टिकट पक्का किया। सात्विक और चिराग इस तरह अपने दूसरे सुपर 1000 खिताब से केवल एक कदम दूर है। उन्होंने इस स्तर का अपना पहला खिताब पिछले साल जून में इंडोनेशियाई ओपन में जीता था। भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन में भी इसी कोरियाई जोड़ी को हराया था।

### टी-20 पहली द्विपक्षीय श्रृंखला सही कदम

*इंदौर। भारत के खिलाफ सीमित ओवर की पहली द्विपक्षीय श्रृंखला को 'सही दिशा में उठाया गया कदम' करार देते हुए अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने शनिवार को उम्मीद जताई कि उनकी टीम को भविष्य में अन्य देशों के खिलाफ भी अधिक मौके मिलेंगे। अफगानिस्तान ने 2018 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था और अब ट्रॉट इस अनुभव को आगे बढ़ाना चाहते हैं। ट्रॉट ने कहा, 'द्विपक्षीय श्रृंखला हमारी टीम के लिए सही दिशा में एक कदम है। यह टीम द्वारा की गई प्रगति का संकेत है।'*

## नवारो ने जीता होबार्ट इंटरनेशनल खिताब



एजेंसी ▶▶| होबार्ट

*अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने शनिवार को यहां संघर्षपूर्ण फाइनल में दो बार की चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस को हराकर होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। पहली बार किसी डब्लूटीए टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही नवारो ने मर्टेंस को तीन सेट में 6-1, 4-6, 7-5 से हराकर जीत हासिल की। यह मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला। इस तरह से अमेरिका की किसी खिलाड़ी ने लगातार दूसरे साल इस प्रतियोगिता का खिताब जीता। पिछले साल अमेरिका की ही लॉरेन डेविस यहां चैंपियन बनी थी।*

### मयंक के शतक ने कर्नाटक ने बनाई 64 रन की बढ़त

*अहमदाबाद। कप्तान मयंक अग्रवाल (109 रन) के शतक से कर्नाटक ने शनिवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन गुजरात के खिलाफ 64 रन की बढ़त हासिल की। गुजरात को शुरूआती दिन 263 रन पर समेटने के बाद कर्नाटक ने स्टंप तक पांच विकेट पर 328 रन बना लिए। मनीष पांडे 50 और सुजय सातेरी 24 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों 60 रन की भागीदारी निभा चुके हैं। कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज समर्थ (60) और मयंक ने 172 रन की भागीदारी निभाकर टीम को शनिवार को अच्छी शुरूआत करायी। मयंक ने 124 गेंद में 17 चौके और एक छक्के से अपना 16वां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा।*

## ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियन बनी जेजेटीयू

- मेजबान जेजेटीयू यूनिवर्सिटी ने महिला, पुरूष वर्ग में उठाई ट्राफी
- यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन व पुलिस अधीक्षक झुंझुनू ने खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनू



अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ व श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023-24 के महिला एवं पुरुष वर्ग में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू ने अपनी धाक जमाते हुए ओवरऑल चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेताओं को यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला एवं पुलिस अधीक्षक झुंझुनू देवेंद्र सिंह बिश्नोई ने ट्राफी सौंपी। जानकारी देते हुए श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू के प्रेजिडेंट डॉ देवेंद्र सिंह ढुल ने बताया कि 9 जनवरी से 13 जनवरी तक यूनिवर्सिटी कैंपस में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। पुरूष श्रेणी के विभिन्न भार वर्गों में श्री जेजेटीयू यूनिवर्सिटी झुंझुनू 7 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक व एक कांस्य पदक के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि एमडीयू रोहतक ने 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक, एक कांस्य पदक के साथ दूसरा व लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा ने एक स्वर्ण पदक व एक कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि महिला श्रेणी में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू ने 6 स्वर्ण पदक, 1 कांस्य पदक के साथ पहला स्थान, एमडीयू रोहतक ने 2 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक व 2 कांस्य पदक के साथ दूसरा व गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने 3 रजत पदक, 2 कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## क्वालीफायर एलेजांद्रो बने ऑकलैंड क्लासिक चैंपियन



*ऑकलैंड। एलेजांद्रो टेबिलो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां टारो डेनियल को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। टेबिलो ने डेनियल को फाइनल में 6-3, 7-5 से पराजित करके अपने करियर का पहला एटीपी खिताब जीता। टेबिलो क्वालीफाइंग दौर के दो और मुख्य ड्रॉ में तीन मैच जीतकर फाइनल में पहुंचे थे। इस बीच क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त कैमरन नोरी के कलाई की चोट के कारण हट जाने से भी उनको फायदा मिला।*

### रजत का शतक, सरफराज ने बनाए 96 रन

# भारत 'ए' और इंग्लैंड लायन्स का अभ्यास मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

रजत पाटीदार ने 111 रन की शानदार पारी खेली लेकिन सरफराज खान चार रन से शतक चूक गए जिससे भारत 'ए' और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच में शनिवार को अपनी पहली पारी में बड़ी बढ़त के साथ मैच ड्रॉ कराया। इंग्लैंड लायंस के 233 रन के जवाब में भारत ए ने दूसरे दिन मैच की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 462 रन बनाए। भारत ए की टीम इस समय 229 रन से आगे थी।

भारतीय टीम ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 123 रन की लेकिन उसने जल्द ही प्रदोष रंजन पॉल (21) का विकेट गंवा दिया। पाटीदार और सरफराज (96) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को कैलम पार्किंसन ने पाटीदार को आउट कर तोड़ा। सरफराज को इसके बाद कोना भरत (64) के साथ अच्छा साथ मिला और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी कर भारत को मजबूत बढ़त दिला दी। भारतीय टीम में जगह हासिल करने वाले ध्रुव जुरेल (50) ने इसके बाद मानव सुतार (26) के साथ छठे विकेट के लिए 57 रन जोड़कर टीम को 400 रन के करीब पहुंचाया।



### टेस्ट में पारी का आगाज करना मेरे लिए नया नहीं

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करने के लिए तैयार स्टीव स्मिथ ने शनिवार को कहा कि यह उनके लिए नई भूमिका नहीं है क्योंकि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहे हैं तथा उन्हें नई गेंद का सामना करने की चुनौती पसंद है। स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला में डेविड वार्नर की जगह सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। वार्नर ने इस महीने के शुरू में पाकिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलकर खेल के इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए कैम बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस को टीम में नहीं लिया गया है जबकि मैट रेनशॉ को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। ऐसे में स्मिथ का उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करना तय है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान को लगता है कि मार्नस लाबुशेन के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है।



**जैसे-जैसे 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन करीब आ रहे हैं, देश में सियासी पारा गर्म होता जा रहा है। कांग्रेस ने आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और धर्म को निजी मामला बता कर आमंत्रण को ठुकरा दिया है और अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में शरीक होने से इनकार कर दिया है। राजनीतिक जानकार इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण राजनीति मान रहे हैं। कांग्रेस के इस फैसले पर जहां सोशल मीडिया में # हिंदू विरोधी काफी ट्रेंड हो रहा है, वहीं भाजपा उस पर हमलावर है। कांग्रेस के समय ही राम जन्म भूमि प्रांगण का ताला खुला था, अयोध्या में राम जन्म भूमि पर फैसला सुप्रीम कोर्ट ने दिया था, रामलला के मंदिर का निर्माण ट्रस्ट जनसहयोग से कर रहा है, इसके बावजूद कांग्रेस इसे भाजपा व संघ का कार्यक्रम बता रही है। क्या कांग्रेस 22 को अयोध्या इसलिए नहीं जाना चाहती है क्योंकि उसे अल्पसंख्यक वोट खोने का डर है, क्या उसे बहुसंख्यक की भावना का कद्र नहीं है? इन तमाम राजनीतिक पहलुओं का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# बहिष्कार की सियासत से किन्हें तुष्ट कर रही कांग्रेस



राम मंदिर
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं के लिए राम मंदिर समारोह 'अधूरे मंदिर की सियासत' है, लेकिन उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ जो 50 कांग्रेसी नेता मकर संक्रान्ति के अगले ही दिन अयोध्या की सरयू नदी में डुबकी लगाने और फिर 'राम लला' की पुरानी प्रतिमा के दर्शन करने जा रहे हैं, उनके रामवाद और हिन्दुत्व की परिभाषा क्या है? कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी बयान दिया है कि वह 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाएंगे और प्रभु राम के दर्शन करेंगे। उसका फोटो भी सोशल मीडिया पर डालेंगे। पूर्व मुख्यमंत्रियों-कमलनाथ और अशोक गहलोत-ने भी सुविधा के मुताबिक अयोध्या जाने की बात कही है। सवाल है कि कांग्रेस में राम मंदिर को लेकर ऐसा विरोधाभास और द्वन्द्व क्यों है?**

अयोध्या के श्रीराम मंदिर और गुजरात के सोमनाथ मंदिर में कुछ समानताएं हैं। तब सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद और प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल गए थे। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू इसके पक्षधर नहीं थे कि राष्ट्रपति मंदिर का उद्घाटन करें और सोमनाथ मंदिर को इतना भव्य, दिव्य बनाया जाए। राष्ट्रपति और गृहमंत्री ने अपनी हिन्दूवादी भावनाओं का हवाला दिया और मंदिर का उद्घाटन किया। अब अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'यजमान' के रूप में उपस्थित होंगे। प्रभु राम के नेत्रों में काजल सजाने से लेकर 56 भोग परोसने तक प्रधानमंत्री की भूमिका रहेगी। प्रधानमंत्री सभी विधि-विधान निभाएंगे। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस समेत कई दलों के नेताओं ने समारोह का बहिष्कार किया है। यह राम मंदिर का नहीं, भारतीय संस्कृति का भी नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी और संघ परिवार की सियासत का विरोध है। यह विपक्ष की सद्भावना और सोच ही है। कांग्रेस में तो बहिष्कार की पारिवारिक परंपरा रही है। नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तो देश के प्रधानमंत्री रहे, लेकिन अयोध्या के राम मंदिर में कभी भी झांक कर नहीं देखा। सोनिया गांधी और राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष तथा उप्र से सांसद रहे, लेकिन अयोध्या के राम मंदिर का विरोध करते रहे। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान पार्टी ने श्रीराम को 'काल्पनिक' माना और 'राम-सेतु' के खिलाफ हलफनामा सर्वोच्च अदालत में दिया। कांग्रेसी 'चुनावी हिन्दू' हैं, अलबत्ता वे तो खुद को 'मुस्लिम पार्टी' मानते रहे हैं। उनसे राम मंदिर में आने की अपेक्षा क्यों और कैसे की जानी चाहिए? चाहे आमंत्रित हों।

## कांग्रेस के भीतर विरोधाभास व द्वंद्व क्यों

राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र न्यास ने सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन चौधरी आदि को आमंत्रण भेजा है। कांग्रेस ने धर्म को 'निजी मामला' मानते हुए आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। कांग्रेस की आरोपिया दलीलें भी हैं कि श्रीराम के 'अधूरे मंदिर' का उद्घाटन किया जा रहा है, जो अशुभ माना जाता है। दिग्विजय सिंह सरीखे कांग्रेसी तो धर्माचार्य भी हो गए हैं। कांग्रेस ने इसे आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम माना है और ऐसा 'राजनीतिक लाभ' के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस ने शंकराचार्यों द्वारा भी आमंत्रण अस्वीकार करने की आड़ ली है, जो 'अर्द्धसत्य' है। शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती की टीम प्राण-प्रतिष्ठा की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। इसके अलावा, दो शंकराचार्यों ने अपनी स्वीकृति भेजी है कि वे 22 जनवरी के पावन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शेष दो शंकराचार्यों के अपने कोई कारण होंगे, लेकिन किसी भी शंकराचार्य ने प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा को खारिज नहीं किया है। कांग्रेस ऐसी 'ओछी राजनीति' न करे और शंकराचार्यों को किसी राजनीतिक विवाद में घसीटना नहीं चाहिए। वे आध्यात्म और दर्शन के शिखर-पुरुष हैं। वे वहीं काम करें। कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं के लिए राम मंदिर समारोह 'अधूरे मंदिर की सियासत' है, लेकिन उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ जो 50 कांग्रेसी नेता मकर संक्रान्ति के अगले ही दिन अयोध्या की सरयू नदी में डुबकी लगाने और फिर 'राम लला' की पुरानी प्रतिमा के दर्शन करने जा रहे हैं, उनके रामवाद और हिन्दुत्व की परिभाषा क्या है? कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी बयान दिया है कि वह 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाएंगे और प्रभु राम के दर्शन करेंगे। उसका फोटो भी सोशल मीडिया पर डालेंगे। हिमाचल के कांग्रेसी मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी अयोध्या के समारोह में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्रियों-कमलनाथ और अशोक गहलोत-ने भी सुविधा के मुताबिक अयोध्या जाने की बात कही है। सवाल है कि कांग्रेस में ऐसा विरोधाभास और द्वन्द्व क्यों है?

## प्राण-प्रतिष्ठा संघ का कार्यक्रम नहीं

कांग्रेस ऐसे आध्यात्मिक और ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बने या राजनीतिक कारणों से बहिष्कार करे, यह उसकी सोच है। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि राम में आस्था रखने वाले लोग आज भी, कल भी, परसों भी अयोध्या जा सकते हैं। हम किसी धर्म, गुरु और भगवान के खिलाफ नहीं हैं। दरअसल कांग्रेस हिन्दूवाद का विरोध भी करना चाहती है और ऐसा व्यक्त भी नहीं होने देना चाहती। यह उसका वैचारिक द्वन्द्व है, लेकिन 22 जनवरी का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संघ परिवार का ही नहीं है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनना चाहिए, यह सर्वोच्च अदालत की पांच न्यायाधीशों की पीठ का निर्णय था। कांग्रेस ने भी उस फैसले को स्वीकार किया था। संविधान पीठ ने ही प्रधानमंत्री को निर्देश दिए थे कि वह मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट का गठन करें। कैबिनेट में यह फैसला लिया गया और न्यास का गठन किया गया। यदि अयोध्या में भाजपा-विहिप के नेता और कार्यकर्ता सक्रिय दिख रहे हैं, तो उसमें क्या गलत है? संघ परिवार ने राम मंदिर के लिए बेहद लंबा संघर्ष किया है, आंदोलन में कारसेवकों ने कुर्बानियां दी हैं। यदि इतने व्यापक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उनकी टीम शामिल नहीं होगी, तो आम बंदोबस्त से लेकर सुरक्षा-व्यवस्था तक की जिम्मेदारी किसकी होगी? कोई अनहोनी हो गई, तो जवाबदेही किसकी होगी? प्रशासन के लिए भाजपा को लोकतांत्रिक जनादेश मिला है। यदि कांग्रेस, सपा, तृणमूल, वामपंथी दलों, शरद पवार की एनसीपी, लालू के राजद और नीतीश कुमार आदि को समारोह का बहिष्कार करना है, तो कोई नई बात नहीं है, क्योंकि उनके निशाने पर पीएम मोदी हैं।

## कांग्रेस का 'मुस्लिम तुष्टिकरण'

दरअसल बुनियादी कारण राजनीतिक है। यह तो स्पष्ट है कि अधिकतर उत्तरी भारत के राज्यों में कांग्रेस के पक्ष में 50 फीसदी तक मुस्लिम वोट आते रहे हैं। औसतन सबसे अधिक मुसलमान कांग्रेस को ही वोट देते हैं। यह कर्नाटक और तेलंगाना के चुनावों से भी स्पष्ट हो चुका है। आखिर 'मुस्लिम तुष्टिकरण' की निश्चित राजनीति को कांग्रेस कैसे गंवा सकती है? हिन्दुओं के वोट कांग्रेस के पक्ष में परंपरागत ही रह गए हैं। जहां भाजपा के साथ उसका सीधा चुनावी मुकाबला है, उन सीटों पर 70 फीसदी से अधिक हिन्दू भाजपा को ही वोट देते हैं। 2019 के आम चुनाव में अपर कास्ट हिन्दुओं के करीब 60 फीसदी, ओबीसी हिन्दुओं के करीब 55 फीसदी और आदिवासी-दलित हिन्दुओं के भी भरपूर वोट भाजपा के पक्ष में आए थे। चूंकि राम मंदिर का मुद्दा इतना बड़ा और सशक्त बन गया है कि बेशक हिन्दुओं के वोट भाजपा की झोली भर देंगे। कांग्रेस और विपक्ष के ज्यादातर बड़े नेता 'जालीदार टोपी' पहन कर इफ्तार पार्टियों में शिरकत करते रहे हैं, हालांकि वे मुसलमान नहीं हैं। यह भी सियासत का एक रंग है। तो फिर राम मंदिर का बहिष्कार क्या उन्हें 'धर्मनिरपेक्ष' बना देगा? यथार्थ यह है कि कांग्रेस सोच और सियासत के स्तर पर हिन्दू-विरोधी या राम-विरोधी नहीं है, कांग्रेसी भी मंदिरों में जाने और पूजा-पाठ करने का ढोंग रचते रहे हैं, लेकिन वे घोर मोदी-विरोधी हैं, लिहाजा उनके प्रत्येक सकारात्मक कदम का विरोध करना उनकी सियासी मजबूरी है। कांग्रेस के 'आदिपुरुष' महात्मा गांधी की दिनचर्या 'राम नाम' से ही शुरू होती थी। क्या वह 'संघी' या 'भाजपाई' थे?

## सनातन ही हिंदुस्तान की सांस्कृतिक पहचान

अब देश के गांव-गांव, गली-मुहल्ले 'राममय' हो चुके हैं। प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 'राष्ट्रोत्सव' के तौर पर घोषित हुआ है और मनाया भी जा रहा है। करीब 500 साल के विदेशी आक्रांताओं के कब्जे, संघर्षों, बलिदानों, गुलामी के बाद एक सांस्कृतिक स्वप्न, संकल्प साकार हो रहा है। राम सबके हैं और सभी राममय हैं। प्रभु राम अपनी नई अयोध्या में लौट रहे हैं और महलनुमा भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। श्रीराम कण-कण में व्याप्त हैं और सनातन के प्रतीक हैं। सनातन ही हिन्दुस्तान की पहचान है। आसुरी तत्व त्रेता में भी थे और आज भी हैं। राम ही उनका उद्धार करेंगे। प्रभु राम प्रथम धर्मनिरपेक्ष और स्वीकारवादी भगवान हैं। राम ही सनातन संस्कृति के पूज्य 'आध्यात्मिक आदिपुरुष' हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि देश के प्रधानमंत्री ने 11 दिन का 'विशेष अनुष्ठान' आरंभ किया है। तपस्वियों और मनीषियों ने उन्हें कठोर यम-नियम सुझाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि वह भावुक और भाव-विह्वल हैं। उनके लिए यह कल्पनातीत अनुभूतियों का समय है, जिन्हें वह 140 करोड़ भारतीयों के साथ साझा अनुभूत करना चाहते हैं। इस अवसर पर करोड़ों भारतीयों की दुआएं और ऊर्जा भी समन्वित होकर एक 'आत्मिक पुंज' का आकार लेंगी। उद्घाटन करने वाले नेता या सिर्फ वोट बटोरने की राजनीति करने वाले नेता इतने लंबे, कष्टकारक, निर्जल, व्रत वाले अनुष्ठान नहीं किया करते। क्या सोनिया-राहुल गांधी ने इसके अंश अनुष्ठान भी कभी किए हैं? कमोबेश राम मंदिर का मुद्दा ऐसा है, जिसका न तो विरोध और न ही बहिष्कार किया जाना चाहिए। आज मुसलमान भी खुद को 'राम के वंशज' मान रहे हैं। राम-भक्तों के लिए भंडारा आयोजित कर रहे हैं। आयोजनों पर फूल बरसा रहे हैं। राम तो ब्रह्मांड के प्रतीक हैं, लिहाजा अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी आदि गैर-हिन्दूवादी देश भी 'राममय' हो रहे हैं। अब सनातन के चिह्नों का पुनरोत्थान आरंभ हुआ है, तो यह अयोध्या के पार भी जाएगा। दरअसल ऐसे ही हिन्दूवादी प्रयास 'असली धर्मनिरपेक्षता' हैं। संविधान भी उन्हें स्वीकार करता है। कांग्रेस का जो भी तर्क हो।




# विश्व में जिनका मुकाबला नहीं उनका नाम है जगतगुरु रामभद्राचार्य



शख्सियत
प्रभात झा
पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

विश्व में लगभग एक अरब दिव्यांग हैं। इसी के अंतर्गत भारत में भी लगभग तीन करोड़ से अधिक दिव्यांगों की संख्या है। इन्हें पहले विकलांग कहा जाता था। नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने 2 दिसम्बर 2015 को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को 'दिव्यांग' नाम से संबोधित करने का निर्णय बताया। विश्व पटल पर जब दिव्यांगों के बारे में विचार करते हैं तो देखने में आता है कि ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन सहित अनेक देशों में दिव्यांगों ने कहीं गणित तो कहीं भौतिकी, कहीं मीडिया, कहीं संगीत के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल की है। यहां तक कि एक दिव्यांग को कार्यक्षेत्र में 'नोबेल पुरस्कार' भी मिला।

लेकिन जब भारत में दिव्यांगों की चर्चा शुरू होती है तो एक ऐसे व्यक्तित्व का नाम उभरकर आता है जो न केवल 140 करोड़ भारतीयों के लिए बल्कि विश्व के करोड़ों लोगों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। उनके जीवन से न केवल दिव्यांग, बल्कि करोड़ों सर्वांग व्यक्तियों को प्रेरणा मिलती है। भारत के उस व्यक्तित्व का नाम है जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य। उनको कोई दृष्टि बाधित या दिव्यांग कहता है, तो कहते हैं कि मुझे यह अच्छा नहीं लगता। मैने अपनी इन्हीं आंखों से साक्षात भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम के बाल्यकाल रूप को देखा है। 14 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के शांडिल्य खैर गांव में जन्मे, जिनका पूर्व में नाम डॉ. गिरिधर लाल मिश्र था, वे जन्म के दो माह बाद ही अपने दोनों आंखों की ज्योति खो चुके थे, लेकिन उन्होंने साहस नहीं खोया। 14 जनवरी से वे अयोध्या में नौ दिनों तक अमृत महोत्सव मनाएंगे।

पूज्य रामभद्राचार्य जी के जीवन के अतीत का जब अध्ययन करते हैं तो लगता है कि ईश्वर ने उन्हें साक्षात अपनी शक्ति प्रदान की है। उन्होंने जीवन में कभी भी ब्रेल लिपि का उपयोग नहीं किया। जब वे पांच वर्ष के हुए तो श्रीमदभगवत गीता और सात वर्ष की आयु में श्रीरामचरितमानस पूरी तरह से कंठस्थ कर लिया था। आरंभ से आचार्य (परास्नातक) तक सभी कक्षाओं में प्रथम श्रेणी एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। संपूर्णानंद संस्कृत विश्विद्यालय वाराणासी से शास्त्री तथा आचार्य में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तदुपरांत पीएचडी शोध के बाद धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी के निर्देश पर रामानंद संप्रदाय में विरक्त दीक्षित होकर जगतगुरु रामभद्राचार्य के पद पर सर्वसम्मति से मूर्धभिषेक हुए। ऐसे विलक्षण साहित्यकार जिनकी पुस्तकों का लोकार्पण देश के दो सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा नरेंद्र मोदी ने किया। 240 ग्रंथों का प्रणयन जिसमें चार महाकाव्य सहित साहित्य के सभी विधाओं में रचनाएं रची गई। साहित्य के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य अकादमी से 2005 में सम्मानित किए गए।

19 नवम्बर 1992 को चित्रकूट मध्य प्रदेश में श्रीतुलसीपीठ की स्थापना रामभद्राचार्य जी द्वारा की गई। श्री तुलसी प्रज्ञाचक्षु दिव्यांग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना की गई। उसके बाद विश्व स्तर पर दिव्यांगों के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य ने विश्वविद्यालय की स्थापना की। यह विश्व का पहला दिव्यांग विश्वविद्यालय है, जहां से अब तक पांच हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर देश के खासकर उत्तर प्रदेश के अनेक उच्च स्थानों पर पदस्थ हैं। विकलांग विश्वविद्यालय की स्थापना 2001 में की गई। इसके पश्चात श्री गीता ज्ञान मन्दिर राजकोट गुजरात की स्थापना भी उनके द्वारा की गई। वशिष्ठ अयनम हरिद्वार उत्तराखण्ड की स्थापना भी उनके द्वारा की गई। साहित्य तथा सामाजिक योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा 2015 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। जगतगुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के वे जीवनपर्यंत कुलाधिपति बने रहेंगे। भारत सरकार के स्वच्छता अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें नौ रत्नों में शामिल किया गया।

भौतिक नेत्र न होते हुए भी, ब्रेल लिपि के बिना उपयोग के अब तक वे 1275 से अधिक श्रीरामचरितमानस पर कथा प्रवचन कर चुके हैं और श्रीमद्भागवत पर 1115 से अधिक कथा वाचन अभी तक कर चुके हैं। धारा प्रवाह संस्कृत संभाषण में विश्व में उनका कोई जोड़ नहीं है। वे एक घंटे में 100 श्लोक बनाने की क्षमता रखते हैं। दर्शनए काव्य एवं लेखन अप्रतिहर्त गति उन्हें प्रदान है। तत्काल समस्या पूर्ति पर संस्कृत, हिंदी आदि भाषाओं में वे श्लोक एवं अन्य विधा रच लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ न्यूयॉर्क में आयोजित विश्व शांति शिखर सम्मेलन में सोलह मिनट का उनका ऐतिहासिक भाषण संपन्न हुआ था। वे 22 भाषाओं के ज्ञाता हैं। विश्व में अनेक राष्ट्रों में उनकी कथाएँ संपन्न हुई हैं। भारतीय वांगमय के लगभग डेढ़ लाख पृष्ठ वे लिख चुके हैं। उनके मस्तिष्क में डेढ़ लाख से अधिक श्लोक रचा-बसा हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शैक्षिक विषय में शोध करने की उन्हें अनुमति प्रदान की गई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में जब रामजन्मभूमि मामले पर बहस चल रही थी, तो मुस्लिम पक्ष ने ये सवाल खड़ा किया कि अगर बाबर ने राममंदिर तोड़ा तो तुलसीदास ने जिक्र क्यों नहीं किया। हिंदू पक्ष के लिए संकट खड़ा हो गया, लेकिन तब संकट मोचन बने श्रीरामभद्राचार्य जी। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 15 जुलाई 2003 को गवाही दी और तुलसीदास के दोहाशतक में लिखे उस दोहे को जज साहब को सुनाया, जिसमें बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा राम मंदिर को तोड़ने की बात कही गई है। दोहा इस प्रकार हैः

रामजन्म मंदिर महिं मंदिरहि तोरि मसीत बनाय।
जबहि बहु हिंदुन हते, तुलसी कीन्ही हाय।।
दल्यो मीर बाकी अवध, मंदिर राम समाज।
तुलसी रोवत हृदय अति, त्राहि त्राहि रघुराज।।



**14 जनवरी से अयोध्या में स्वामी जी का अमृत महोत्सव प्रारंभ**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट में जब रामजन्मभूमि मामले पर बहस चल रही थी, तो मुस्लिम पक्ष ने ये सवाल खड़ा किया कि अगर बाबर ने राममंदिर तोड़ा तो तुलसीदास ने जिक्र क्यों नहीं किया। हिंदू पक्ष के लिए संकट खड़ा हो गया, लेकिन तब संकट मोचन बने श्रीरामभद्राचार्य जी। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 15 जुलाई 2003 को गवाही दी और तुलसीदास के दोहाशतक में लिखे उस दोहे को जज साहब को सुनाया, जिसमें बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा राम मंदिर को तोड़ने की बात कही गई है। जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने दृष्टि बाधित होने के बावजूद 75 वर्ष के अपने अमृतकाल में जो कुछ किया है, वह विश्व में भारत की संस्कृति एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए अद्वितीय, अतुलनीय और अस्मरणीय है।**

जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी बताते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर होने के 437 प्रमाण न्यायालय को दिए गए हैं। वे प्राचीन ग्रंथों का उल्लेख करते हुए बताते हैं कि वाल्मीकि रामायण के बाल खंड के आठवें श्लोक से श्रीराम जन्म के बारे में जानकारी शुरू होती है। यह सटीक प्रमाण है। इसके बाद स्कंद पुराण में राम जन्म स्थान के बारे में बताया गया है। इसके मुताबिक राम जन्म स्थान से 300 धनुष की दूरी पर सरयू माता बह रही हैं। एक धनुष चार हाथ का होता है। आज भी यदि नापा जाए तो जन्म स्थान से सरयू नदी उतनी ही दूरी पर बहती दिखेगी। इसके पूर्व अथर्व वेद के दशम कांड के 31वें अनु वाक्य के द्वितीय मंत्र में स्पष्ट कहा गया है कि 8 चक्रों व नौ प्रमुख द्वार वाली श्री अयोध्या देवताओं की पुरी है। उसी अयोध्या में मंदिर महल है। उसमें परमात्मा स्वर्ग लोक से आए। रामभद्राचार्य जी बताते हैं कि वेद में भी श्रीरामजन्म का स्पष्ट प्रमाण है। ऋग्वेद के दशम मंडल में इसका प्रमाण है। रामचरितमानस में बहुत ही स्पष्ट लिखा है। तुलसी शतक में कहा गया है कि बाबर के सेनापति व दुष्ट यवनों ने राम जन्मभूमि के मंदिर को तोड़कर मस्जिद का ढांचा बनाया और बहुत से हिंदुओं को मार डाला। तुलसीदास जी ने तुलसी शतक में इस पर दुख भी प्रकट किया था। मंदिर तोड़े जाने के बाद भी हिंदू साधु रामलला की सेवा करते थे।

स्वामी रामभद्राचार्य जी ने प्रमाणों से इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को चकित कर दिया कि श्री रामलला अयोध्या उसी विवादित स्थल पर विराजते हैं। उनके दिए गए तर्कों के तारतम्य में ही उच्चतम न्यायालय में भी बहस हुई तो अधिवक्ताओं ने उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को न्यायाधीशों के सामने प्रस्तुत किया। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि श्रीरामजन्मभूमि पर ही अयोध्या में श्री रामलला विराजते हैं, के पक्ष में निर्णय लेने में रामभद्राचार्य जी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। यह जगजाहिर है कि वे संकल्प के प्रति इतने दृढ़ रहते हैं कि उन्होंने वृंदावन में अनेक बार कथा की लेकिन भगवान बांके बिहारी के दर्शन करने नहीं गए। उन्होंने प्रण लिया है कि 'जब तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद समाप्त नहीं होगा तब तक मैं वहां दर्शन करने नहीं जाऊंगा'।

बिहार के सीतामढ़ी जिले में शहर से तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित पुनौराधाम मां जानकी (सीताजी प्राकट्यस्थल है, यह शास्त्रों के आधार पर सिद्ध किया जा चुका है। उन्होंने मुझे बुलाकर कहा कि 'मैं यहां पर तब तक जानकी नवमी में कथा करता रहूंगा जब तक यहां स्थित मन्दिर का जीर्णोद्धार नहीं होगा और यह धार्मिक पर्यटन स्थल नही बन जाएगा1' उनके कहने पर मैंने राज्यसभा में यह विषय उठाया। विश्व के सामने यह बात पहली बार आई कि जगत जननी मां मिथलेश्वरी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार यह हुआ कि गुरुजी और मेरे आग्रह पर बिहार के तत्कालीन राज्यपाल डॉ. रामनाथ कोविंद, जो बाद में देश के राष्ट्रपति बने, तथा जानकी नवमी पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनौराधाम पधारे थे। गुरुजी एवं सीतामढ़ीवासियों सहित मिथिला सहित विश्व के एक-एक व्यक्ति के मन में यह गर्व है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा होने जा रही है। लेकिन करोड़ों मिथिलावासियों और देशवासियों के मन में यह विचार अभी तक बना हुआ है कि मां सीता प्राकट्यस्थल का जीर्णोद्धार वृहद रूप से कब प्रारम्भ होगा और अयोध्या धाम की तरह कब पुनौराधाम कब बनेगा? गुरु जी अक्सर कहते हैं कि ' बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं'। पीएम मोदी भी कभी जय श्रीराम नहीं कहते बल्कि वे कहते हैं जय सियाराम।

सीया राममय सब जग जानी।
करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी।।
जानि कृपाकर किंकर मोहू।
सब मिलि करहु छाड़ि छल छोहू।।

जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य विश्व में न केवल दिव्यांगों की, बल्कि करोड़ों लोगों के आराध्य हैं। इसलिए आराध्य हैं कि दृष्टि बाधित होने के बावजूद जो उन्होंने 75 वर्ष के अपने अमृतकाल में जो कुछ किया है, वह विश्व में भारत की संस्कृति एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए अद्वितीय, अतुलनीय और अस्मरणीय है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अक्टूबर 2023 को जब चित्रकूट पहुंचे, तो उन्होंने कहा कि 'रामभद्राचार्य जी हमारे भारत राष्ट्र के धरोहर हैं'।

# आंदोलन को सिरे चढ़ाने वालों को भी हमें याद रखना होगा



राम मंदिर
मनोज कुमार अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने की यात्रा बिल्कुल आसान नहीं थी। विवाद हुए। हिंसा हुई। कारसेवकों की जानें गईं। पांच सदी लंबे संघर्ष में हजारों नाम अनाम रामभक्तों ने सिर्फ जन्मभूमि स्थान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आखिरकार आस्था की जीत हुई और अदालत ने राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया।

राम मंदिर आंदोलन को 1990 के दशक में भाजपा ने अपना समर्थन दिया और भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं कार्यकताओं ने रामजन्म मुक्ति आंदोलन को सफल बनाने के लिए सक्रिय योगदान किया। इस समूचे आंदोलन में कुछ ऐसे चेहरे हैं जिनके योगदान को भुला पाना सम्भव नहीं। मंदिर निर्माण आंदोलन चलाने के लिए जनसमर्थन जुटाने में अशोक सिंघल की अहम भूमिका रही। कई लोगों की नजरों में वह राम मंदिर आंदोलन के 'चीफ़ आर्किटेक्ट' थे। लाल कृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक रथयात्रा शुरू की थी। हालांकि बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने समस्तीपुर ज़िले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। चार्जशीट के अनुसार, आडवाणी ने छह दिसंबर 1992 को कहा था, "आज कारसेवा का आख़िरी दिन है।" आडवाणी के ख़िलाफ़ विवादित ढांचा गिराने की साज़िश का लम्बे समय तक आपराधिक मुक़दमा चला।

1992 में विवादित ढांचा विध्वंस के समय मुरली मनोहर जोशी आडवाणी के बाद बीजेपी के दूसरे बड़े नेता थे। छह दिसंबर 1992 को घटना के समय वह विवादित परिसर में मौजूद थे। गुंबद गिरने पर उमा भारती उनसे गले मिली थीं। इस समय वे बीजेपी के मार्गदर्शक मंडल में हैं। छह दिसंबर 1992 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह थे। उन पर आरोप था कि उनकी पुलिस और प्रशासन ने जान-बूझकर कारसेवकों को नहीं रोका। कल्याण सिंह का नाम उन 13 लोगों में शामिल था जिन पर विवादित ढांचा को गिराने की साज़िश करने का आरोप लगा था।

राम मंदिर आंदोलन के लिए 1984 में 'बजरंग दल' का गठन किया गया था और पहले अध्यक्ष के तौर पर उसकी कमान संघ ने विनय कटियार को दी थी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जन्मभूमि आंदोलन को आक्रामक बनाया। छह दिसंबर के बाद कटियार का राजनीतिक क़द तेजी से बढ़ा। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव भी बने। वे फ़ैज़ाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट से तीन बार सांसद चुने गए। विवादित ढांचा विध्वंस केस में साध्वी ऋतंभरा के ख़िलाफ़ आपराधिक साजिश के आरोप तय किए गए थे। अयोध्या आंदोलन के दौरान उनके उग्र भाषणों के ऑडियो कैसेट पूरे देश में सुनाई दे रहे थे।

विश्व हिंदू परिषद के दूसरे नेता प्रवीण तोगड़िया राम मंदिर आंदोलन के वक्त काफी सक्रिय रहे थे। अशोक सिंहल के बाद विश्व हिंदू परिषद की कमान उन्हें ही सौंपी गई थी। हालांकि वीएचपी से अलग होकर उन्होंने अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद नाम का संगठन बनाया। प्रवीण तोगड़िया इन दिनों अलग-थलग पड़ गए हैं।

विष्णु हरि डालमिया विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ सदस्य थे और वह संगठन में कई पदों पर रहे। वह विवादित ढांचा ढहाए जाने के मामले में सह अभियुक्त भी थे। 16 जनवरी 2019 को दिल्ली में उनके आवास पर डालमिया का निधन हो गया।

कोलकाता के एक मारवाड़ी व्यापारी परिवार में जन्मे दो युवा भाई शरद कोठारी (23 साल) और राम कोठारी(20 साल) 30 अक्तूबर 1990 को कलकत्ता से अयोध्या कारसेवा में शामिल होने के लिए पहुंचे। 30 अक्तूबर को विवादित गुम्बद पर चढ़ कर भगवा ध्वज लहराने वालों में दोनों भाई प्रमुख थे। 2 नवंबर को पुनः कारसेवा के लिए आए युवाओं की अगुवाई कर रहे दोनों भाई पुलिस की गोलियों का शिकार बन कर राम मंदिर आंदोलन के लिए अपनी जान की आहुति दी। इन दोनों भाइयों का बलिदान भुला पाना संभव नहीं है। इन के माता पिता बहिनों ने जीवन के कई दशक उनके अभाव में बिताए हैं।

यूं तो यह सूची बहुत लंबी है, लेकिन श्रेय चाहे किसी को दिया जाए, एक बात बिल्कुल साफ़ है कि इसने राजनीतिक रूप से हाशिए पर रही बीजेपी को वो राजनीतिक समर्थन दिलाया, जिस पर सवार होकर बीजेपी केंद्र में पहले गठबंधन और फिर अपने बूते सरकार बनाने में सफल रही। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मभूमि मंदिर के निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे हैं। कई विरोधी दलों के नेताओं को यह अखर रहा है।

# राममय हुआ पूरा देश

**पाकिस्तान अधिग्रहित कश्मीर की वापसी के लिए 1008 कुंडीय महायज्ञ**

**अयोध्या से गुजरने वाली सभी ट्रेनें 16 से 22 जनवरी तक रहेंगी रद**

**दून एक्सप्रेस समेत 35 ट्रेनों को बदले हुए रूट से चलाया जाएगा**

**रोडवेज बसें भी 21 और 22 जनवरी को अयोध्या में प्रवेश नहीं कर सकेंगी**

**22 जनवरी को रामलला मंदिर में विराजमान होंगे तो हर घर में जलाए जाएंगे दिये, मनेगी दिवाली**



# पीएम मोदी के गांव से अखंड ज्योति अयोध्या पहुंची, प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम चरण में

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रेलवे ने 16 से 22 जनवरी तक यानी 7 दिन के लिए अयोध्या जाने वाली सभी ट्रेनों को रद या डाइवर्ट कर दिया है। वहीं, रोडवेज बसें भी 21और 22 जनवरी को अयोध्या में प्रवेश नहीं कर सकेंगी। प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए रूट डायवर्जन किया गया है। इधर, मोदी सरनेम को लेकर अपमानजनक टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को सजा दिलाने वाले गुजरात के भाजपा भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी अयोध्या पहुंच गए हैं। वह श्रृंगवेरपुर स्थित शबरी आश्रम के बेर और धनुष बाण रामलला को अर्पित करेंगे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए राष्ट्रपति को शुक्रवार को निमंत्रण सौंपा गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को एक बार फिर अयोध्या के दौरे पर जाएंगे। गोरखपुर में मेले का शुभारंभ करने के बाद योगी अयोध्या पहुंचेंगे। हनुमानगढ़ी, रामलला के दर्शन करेंगे। लता मंगेशकर चौक के पास सफाई अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके अलावा सीएम योगी डिजिटल टूरिस्ट ऐप को भी लॉन्च करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पीएम मोदी के गांव वडनगर के हटकेश्वर महादेव मंदर से अखंड ज्योति अयोध्या लाई गई है। 10 युवक 45 दिन में 1240 किलोमीटर की यात्रा पैदल पूरी की है। अखंड ज्योति के साथ राम मॉडल ट्रस्ट को सौंपेंगे। अखंड ज्योति लेकर पहुंचे युवकों ने कहा, 22 जनवरी को रामलला अपने मंदिर में विराजमान हो तो हर घर में दिए जलाए जाएं और दिवाली मनाई जाए।



देश भर में पैदल रथयात्राएं निकाली जा रही है। लोगों में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

## धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनः स्थापित करने का प्रतीक भी बन गया था राममंदिर आंदोलन : आडवाणी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा है कि राम जन्मभूमि आंदोलन का प्राथमिक उद्देश्य अयोध्या में श्री राममंदिर का पुनर्निर्माण था और यह "छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण (धूमिल हुए) धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनःस्थापित करने का प्रतीक भी बन गया।" आडवाणी द्वारा लिखे गए और शनिवार को उनके कार्यालय द्वारा साझा किए गए लेख, 'श्रीराम मंदिरः एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति' में, भाजपा नेता आडवाणी ने कहा कि आंदोलन के दौरान वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और छद्म धर्मनिरपेक्षता के बीच अंतर को लेकर एक महत्वपूर्ण बहस शुरू हो गई। वर्ष 1990 में राम रथयात्रा शुरू करने वाले आडवाणी ने कहा, ₹एक ओर, आंदोलन को व्यापक जन समर्थन प्राप्त था, वहीं, अधिकांश



राजनीतिक दल इस आंदोलन का समर्थन करने से इसलिए कतरा रहे थे, क्योंकि उन्हें मुस्लिम वोट खोने का डर था। वे वोट-बैंक की राजनीति के लालच में आ गए और उसे धर्मनिरपेक्षता के नाम पर उचित ठहराने लगे।" आडवाणी (96) ने लिखा है, "इस प्रकार, अयोध्या मुद्दा, जिसका प्राथमिक उद्देश्य श्री रामजन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण था, छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण (धूमिल हुए) धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनःस्थापित करने का प्रतीक भी बन गया।" उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी, 2024 के विशेष अवसर से पहले पूरे देश का वातावरण सचमुच राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए संतुष्टि का क्षण है, न केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा के एक गौरवान्वित सदस्य के रूप में, बल्कि हमारी गौरवशाली मातृभूमि के एक गर्वित नागरिक के रूप में भी। उन्होंने कहा कि वह धन्य हैं कि वह अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में श्रीरामलला के विग्रह की 'प्राण प्रतिष्ठा' करेंगे, तो वह "हमारे महान भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे।"

### दूरदर्शन 40 कैमरे लगाएगा, होगा सीधा प्रसारण

**अयोध्या (भाषा)।** दूरदर्शन राम मंदिर परिसर सहित अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण के लिए लगभग 40 कैमरे लगाएगा और कार्यक्रम अत्याधुनिक 4के प्रौद्योगिकी में प्रसारित किया जाएगा। यह जानकारी एक शीर्ष अधिकारी ने दी। मुख्य मंदिर परिसर के अलावा, राष्ट्रीय प्रसारक सरयू घाट के पास राम की पैड़ी, कुबेर टीला में जटायु प्रतिमा और अन्य स्थानों से विभिन्न चैनलों पर सीधा प्रसारण करेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने यहां पीटीआई-भाषा से कहा, "जी20 की तरह...जब हमने 4के प्रसारण किया था, इस बार भी, दूरदर्शन इसे 4के (प्रसारण प्रौद्योगिकी) में करेगा... पूरा सीधा प्रसारण होगा और कवरेज विभिन्न भाषाओं तथा विभिन्न चैनलों पर प्रसारित की जाएगी। वहीं, निजी चैनलों को भी दूरदर्शन के जरिए फीड मिलेगा।" 4के प्रौद्योगिकी अत्यधिक पिक्सेल प्रदान करती है जिसके परिणामस्वरूप दर्शकों के लिए दृश्य गुणवत्ता में वृद्धि होती है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे।

### ऐसा रहेगा यातायात का हाल

अयोध्या से गुजरने वाली सभी ट्रेनें 16 से 22 जनवरी तक रद्द रहेगी। लखनऊ की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रैक के दोहरीकरण और इलेक्ट्रिफिकेशन के चलते संचालन प्रभावित रहेगा। इसके चलते वंदे भारत समेत 10 ट्रेनें निरस्त रहेगी। 14 ट्रेनों का संचालन पहले तक होगा। वहीं, दून एक्सप्रेस समेत 35 ट्रेनों का बदले रूट से चलाया जाएगा। अयोध्या कैंट से आनंद विहार तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस जो अभी तक 15 जनवरी तक निरस्त थी। उसे बढ़ाकर 22 जनवरी तक निरस्त कर दिया गया है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अयोध्या रेलखंड का दोहरीकरण प्राथमिकता पर किया जा रहा है।

### 26 हजार किमी की दूरी तय करके अयोध्या पहुंचेगी श्रीराम रथयात्रा

श्रीराम को समर्पित रथ यात्रा 26 हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली है। यह देश के प्रमुख शहरों से गुजरते हुए 75 प्रमुख तीर्थस्थलों तक पहुंच रही है। इन तीर्थस्थलों से मिट्टी एकत्र की जा रही है। रथ यात्रा में शामिल लोग हर किसी से एक चुटकी अक्षत भी मांग रहे हैं। यह रथ यात्रा श्री तुलसीपीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के निर्देशन में निकाली गई है। शुक्रवार को रथयात्रा प्रयागराज पहुंची। 14 जनवरी को अयोध्या में पहुंचेगी और यहीं पर इसका समापन होगा।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए राष्ट्रपति को शुक्रवार को निमंत्रण सौंपा गया। उन्होंने कहा कि वे अयोध्या आने व दर्शन करने का शीघ्र समय तय करेंगी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा, संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल, विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार इस दौरान मौजूद रहे।

### 300 दिव्यांग की टीम ने रामलला के वस्त्र तैयार किए

महाराष्ट्र के येवला नासिक निवासी बालकृष्ण कापसे रामलला के लिए अपनी गोशाला से ढाई कुंतल निर्मित गाय का शुद्ध देशी घी लेकर पहुंचे हैं। यही नहीं, रामलला के लिए सोने-चांदी जड़ति रेश्मी वस्त्र भी चंपत राय को सौंपे। कापसे ने इच्छा जताई कि जब प्रभु श्रीराम मंदिर में विराजे तो उनके द्वारा दिए गए सोने-चांदी से जड़ति वस्त्रों को ही धारण करें। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था के 300 दिव्यांगों ने इसे तैयार किया है।

*बोले, यह श्रीराम की वापसी का प्रतीक*

## मॉरीशस में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 2 घंटे छुट्टी, हिंदुओं के लिए प्रस्ताव पास

### इस दौरान स्थानीय कार्यक्रमों में ले सकेंगे भाग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मॉरीशस की सरकार ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी को हिंदू धर्म मानने वाले कर्मचारियों के लिए 2 घंटे की छुट्टी की घोषणा की है। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे। मॉरीशस की कैबिनेट ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट की तरफ से जारी किए प्रस्ताव में कहा गया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन एक ऐतिहासिक घटना है।



मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ बोले, ये हिंदुओं की परंपराओं का सम्मान करने के लिए छोटी सी कोशिश

**यहां करीब 48.5% आबादी हिंदू**

यह अयोध्या में भगवान राम की वापसी का प्रतीक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से हिंदुओं को दो घंटे की स्पेशल छुट्टी दी जाएगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ ने कैबिनेट के इस फैसले पर कहा कि ये हिंदुओं की भावनाओं और परंपराओं का सम्मान करने के लिए छोटी सी कोशिश है। बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई सीनियर नेता मौजूद रहेंगे। पूरे कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। मॉरीशस के सांसद महेंद गंगा प्रसाद ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा था कि सिर्फ पीएम मोदी ही अयोध्या को फिर से दुनिया के सामने ला सकते थे और उन्होंने ऐसा कर दिखाया है। मैं और मॉरीशस में रह रहे हिंदू आज इस बात से बेहद खुश हैं कि भगवान राम का मंदिर अब वहां है, जहां वे पैदा हुए थे। अफ्रीकी देश मॉरीशस में हिंदू सबसे बड़ा धर्म है। 2011 के सेंसस के मुताबिक, यहां करीब 48.5% आबादी हिंदू है। यह अफ्रीका का इकलौता ऐसा देश है, जहां इतनी बड़ी तादाद में हिंदू रहते हैं।

## दिल्ली आबकारी नीति मामला : ईडी ने केजरीवाल को चौथा समन भेजा, 18 जनवरी को पेश होने को कहा

### आप ने जांच एजेंसी के 'दुरुपयोग' का आरोप लगाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने संबंधी तीन समन को नजरंदाज करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एजेंसी ने तीन माह से भी कम समय में चौथी बार समन जारी कर 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक केजरीवाल (55) ने राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस की तैयारियों का हवाला देते हुए तीन जनवरी को तीसरी बार ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था।



गोपाल राय बोले, केजरीवाल कानूनी सलाहकारों से परामर्श कर रहे हैं और उसके अनुसार ही कदम उठाएंगे

**समन कानून सम्मत नहीं**

उन्होंने समन पर कानूनी 'आपत्तियों' का हवाला देते हुए और एजेंसी पर न्यायाधीश, जूरी और जल्लाद की भूमिका निभाने का आरोप लगाते हुए ईडी की कार्रवाई के पीछे के मकसद पर भी सवाल उठाया था। ईडी ने नया नोटिस जारी करके केजरीवाल की इस दलील को फिर से खारिज कर दिया है कि उन्हें जारी किए गए समन कानून सम्मत नहीं थे और इसलिए इसे वापस लिया जाना चाहिए।

**ईडी ने सोरेन को भेजा एक और नोटिस**

**नई दिल्ली/रांची।** ईडी ने हेमंत सोरेन को ताजा नोटिस भेजा है। इसे 8वां समन माना जा रहा है। ईडी ने रांची के बड़गाई इलाके में फर्जी दस्तावेजों से आदिवासियों की जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। ईडी ने इस मामले पर सीएम सोरेन को अब तक सात समन जारी किए हैं।

## खबर संक्षेप

### कावेरी जल के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे

**बेंगलुरु (भाषा)।** पूर्व प्रधानमंत्री



एच. डी. देवेगौड़ा ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के साथ अन्याय हुआ है और नरेन्द्र मोदी ही कावेरी जल विवाद का समाधान कर सकते हैं। जनता दल (सेक्यूलर) के संरक्षक देवेगौड़ा (90) ने अपनी आखिरी सांस तक कावेरी मुद्दे के लिए लड़ने का संकल्प लिया।

### राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रपति मुर्मू करें : उद्धव

**मुंबई (भाषा)।** शिवसेना



(यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मांग की कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करें, क्योंकि यह "राष्ट्र के गौरव और देश के स्वाभिमान₹ का मामला है। ठाकरे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

### मिलिंद देवड़ा होंगे शिंदे गुट में शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता



मिलिंद देवड़ा अपने समर्थकों के साथ महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने शनिवार को यह घोषणा की।

**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किया दावा**

## 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' वैचारिक यात्रा, चुनावी नहीं : कांग्रेस

भाषा ⏭ इंफाल



कांग्रेस ने अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा ' की शुरुआत से एक दिन पहले शनिवार को दावा किया कि यह यात्रा चुनावी नहीं, बल्कि वैचारिक यात्रा है तथा यह पिछले 10 साल के 'अन्याय काल' के खिलाफ निकाली जा रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि आज देश के सामने एक ऐसी विचारधारा की चुनौती है जो ध्रुवीकरण, अमीरों को और अमीर बनाने तथा राजनीतिक तानाशाही में विश्वास करती है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि देश में अब लोकतंत्र कम, 'एक तंत्र' ज्यादा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ₹पहले कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली थी जो देश की राजनीति के लिए परिवर्तनकारी क्षण लेकर आयी...पहला कदम 'भारत जोड़ो यात्रा' था और दूसरा कदम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' है।

**पिछले 10 साल अन्याय काल के निकले**

रमेश ने दावा किया, आजकल प्रधानमंत्री देश को अमृतकाल के सुनहरे सपने दिखा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि पिछले 10 साल अन्याय काल निकले। अन्याय काल की कोई बात नहीं होती, सिर्फ अमृतकाल की बड़ी बड़ी बातें होती हैं।

**अनुराग ठाकुर का विपक्ष पर हमला**

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अहंकार, अभिमान से प्रेरित

**कोलकाता (भाषा)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए उसकी एकजुटता, नेतृत्व और नीति पर सवाल उठाए। केंद्रीय मंत्री का यह बयान सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करने के गठबंधन के प्रयासों की पृष्ठभूमि में आया है। ठाकुर ने यहां शनिवार को कहा,"यह कैसा गठबंधन है। यह अहंकार और अभिमान से प्रेरित है जहां नेता एक-दूसरे के साथ संवाद करने से भी इंकार करते हैं।"



उन्होंने अधीर चौधरी, ममता बनर्जी और अन्य प्रमुख नेताओं की अलग-अलग राय को उजागर करते हुए गठबंधन के भीतर विसंगतियों की ओर इशारा किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसमें कोई समन्वय नहीं है। वे किसी भी बात पर सहमत नहीं हैं। यह अहंकारी गठबंधन आगे नहीं बढ़ सकता। ठाकुर ने गठबंधन में स्पष्ट नेता या नीति की कमी पर सवाल उठाया।

## एयर शो में दिखाया जौहर



**वायुसेना की ताकत**

*मुंबई। मुंबई एयर शो 2024 के तहत भारतीय वायुसेना ने अपनी ताकत और जौहर का लोहा मनवाया। इस दौरान लड़ाकू विमानों में आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाकर सबका मन मोह लिया।*

**संबोधन** राजस्थान में बोले उप-राष्ट्रपति, संविधान में राम मंदिर का जिक्र, राम-सीता के फोटो

## 'राम को नहीं मानना, संविधान निर्माताओं का अपमान

**जयपुर (एजेंसी)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संविधान में भी राम मंदिर का जिक्र है। जो लोग राम को नहीं मानते हैं, वे संविधान निर्माताओं का भी अपमान कर रहे हैं। राष्ट्र हित को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि संविधान में भी राम मंदिर का जिक्र है। संविधान में भी देखें तो राम-सीता और लक्ष्मण के फोटो छुपे हुए हैं। उन्होंने यह बात शनिवार को विश्व इलेक्ट्रोपैथी दिवस के मौके पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर ऑडिटोरियम में कही। वे यहां राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं जाने का फैसला किया है। धनखड़ के बयान को कांग्रेस के फैसले से जोड़कर ही देखा जा रहा है।



- मैंने आज तक कोई छुट्टी नहीं ली है, अब आपको कोई छुट्टी नहीं लेनी होगी
- स्वदेशी सामान अपनाने की भी अपील की

### भारत दुनिया में सिरमौर होगा

धनखड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तरफ इशारा करते हुए कहा- यह आपको सौभाग्य मिला है और मुझे भी मिला है कि मैंने आज तक कोई छुट्टी नहीं ली है। अब आपको कोई छुट्टी नहीं लेनी होगी। समाज भी तभी काम करेगा, जब शरीर की तरह सभी अंग काम करेंगे। जब भारत आजादी के स्वर्णिम 100 साल मनाएगा, तब भारत दुनिया में सिरमौर होगा।

### उपराष्ट्रपति ने गहलोत सरकार पर निशाना साधा

कार्यक्रम के दौरान धनखड़ ने पिछली गहलोत सरकार पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा- पिछली सरकार के समय जब मैं राजस्थान आया तो मेरा हेलिकॉप्टर उतरने नहीं दिया। तब प्रेमचंद बैरवा के सहयोग से स्थानीय किसान ने जिला कलेक्टर को लिखकर दिया कि मेरे खेत में 3 नहीं 13 हेलिकॉप्टर उतरवाएं।

### स्वदेशी सामान अपनाने की अपील

धनखड़ ने आर्थिक राष्ट्रवाद पर जोर देत हुए स्वदेशी सामान अपनाने की अपील की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हम देश में वही आयात करें जो हमारे राष्ट्र के लिए अति आवश्यक है। भारत में वैल्यू एडिशन पर भी धनखड़ ने जोर दिया।

### योग केवल योग दिवस तक सीमित नहीं

उप राष्ट्रपति ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके पिता के इलाज के लिए इलेक्ट्रोपैथी पद्धति अपनाने की सलाह दी। धनखड़ ने बताया कि वह भी इलेक्ट्रोपैथी पद्धति से इलाज करवा चुके हैं। हमारी इस पद्धति का दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। धनखड़ ने कहा- 21 जून को दुनिया के हर कोने में योग दिवस मनाया जाता है। योग भारत की देन है। योग केवल योग दिवस तक सीमित नहीं है, बल्कि हर दिन योग का अपना महत्व है।

**वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में बोले शाह**

## मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा तीसरी 'सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था' वाला देश



**गांधीनगर।** गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में आयोजित तीन दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के सफलतापूर्वक समापन की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने पिछले दो दशकों में गुजरात में हुए बदलावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन की दूरदर्शी शुरुआत ने राज्य में विकास के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाई है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि भारत उत्पादन और निवेश के लिहाज से दुनिया का सबसे अच्छा स्थान है जबकि गुजरात देश के भीतर सबसे पसंदीदा स्थान के रूप में सामने आया है। समापन समारोह के दौरान सीएम भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन मंत्री परषोत्तम रूपाला, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित रही।इस दौरान उन्होंने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा।




# अमेरिका ने यमन पर फिर किया ताबड़तोड़ हमला

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी सेना ने शनिवार सुबह यमन में हुती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले एक और स्थान पर हमला किया। अमेरिका के दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यमन की राजधानी सना में 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों ने तेज धमाके की आवाज सुनी।

एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका और ब्रिटेन ने हुती विद्रोहियों के इस्तेमाल वाले स्थानों को निशाना बनाया था। इनमें 28 स्थानों में 60 ठिकानों पर हमला किया गया। अमेरिका ने कहा था कि एक रडार स्थल अब भी समुद्री यातायात के लिए खतरा बना हुआ है। अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने शुक्रवार को चेतावनी दी थी कि हुती विद्रोहियों को और हमलों का सामना करना पड़ सकता है।

**खास बातें**

- अमेरिका और ब्रिटेन ने हुती विद्रोहियों के इस्तेमाल वाले स्थानों को निशाना बनाया
- इनमें 28 स्थानों में 60 ठिकानों पर हमला किया

**विरोध में यमन के लाखों लोग सड़कों पर उतरे**



### हमलों में कम से कम पांच की मौत

यह हमला तब किया गया है जब अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा हुती विद्रोहियों पर हवाई हमले करने के बाद अमेरिकी नौसेना ने अमेरिका के ध्वज वाले जहाजों को अगले 72 घंटे तक लाल सागर और अदन की खाड़ी में यमन के आसपास के इलाकों से दूर रहने की शुक्रवार को चेतावनी दी। यह चेतावनी तब दी गई है जब यमन के हुती विद्रोहियों ने अमेरिका नीत हमलों का बदला लेने का आह्वान किया है जिससे गाजा में इजराइल के युद्ध के अलावा एक और वृहद संघर्ष शुरू होने का खतरा बढ़ गया है। अमेरिकी सेना और व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि हुती पलटवार करेंगे। हुती विद्रोहियों ने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व में किए गए हवाई हमलों में कम से कम पांच लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। यह पूछने पर कि क्या उन्हें लगता है कि हुती आतंकवादी समूह है, इस पर बाइडन ने पेन्सिलवेनिया में कहा कि मुझे लगता है कि वे आतंकवादी हैं।'

### अमेरिकी हवाई हमलों का जवाब दिया जाएगा:हुती

हुती के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने पहले से रिकॉर्ड बयान में कहा कि अमेरिकी हवाई हमलों का जवाब दिया जाएगा। अमेरिका के पूर्व खुफिया अधिकारी एलिसा स्लॉटकिन ने अमेरिकी हमलों का स्वागत किया लेकिन चिंता व्यक्त की कि ईरान का लक्ष्य अमेरिका को गहरे संघर्ष में घसीटना है। बाइडन ने पत्रकारों से कहा कि ईरान को एक स्पष्ट संदेश मिला है। उन्होंने कहा, "मैंने पहले ही ईरान को संदेश दे दिया है। वे जानते हैं कि कुछ नहीं करना है।" इस बीच, अमेरिका के वित्त विभाग ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने हुती विद्रोहियों की वित्तीय मदद करने वाले ईरान में स्थित सैद अल-जमाल की ओर से कथित तौर पर ईरानी सामान लाने- ले जाने के लिए हांगकांग और संयुक्त अरब अमीरात में दो कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन कंपनियों के चार जहाजों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं, ईरान ने ओमान की खाड़ी में तेल के एक टैंकर को जब्त करने का फुटेज जारी किया है।

## ताइवान में विलियम लाई अगला राष्ट्रपति होंगे, शी के धुर विरोधी

**ताइपे (एजेंसी)।** ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाई चिंग-ते की जीत हुई है। चीन ने ताइवान के नागरिकों को लाई को वोट न देने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद लाई जीतने में सफल रहे। इसे बेहद उल्लेखनीय सियासी परिणाम माना जा रहा है।



ताइवान के राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव के नतीजे अगले चार वर्षों में चीन के साथ संबंधों की दिशा तय करेंगे। चीनी मुख्य भूभाग और स्व-शासित द्वीप के बीच 110 मील के जल क्षेत्र की शांति और स्थिरता दांव पर है, जिस पर चीन अपना दावा करता है। चीन के साथ तनाव के अलावा चुनाव अर्थव्यवस्था में सुस्ती, आवास खरीदने की क्षमता, अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई और बेरोजगारी जैसे घरेलू मुद्दों पर आधारित था।

## बीआरओ के दिहाड़ी मजदूरों को मिलेगा 10 लाख का बीमा

**नई दिल्ली ( एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ ने बीआरओ की ओर से विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लगाए गए दिहाड़ी मजदूरों के लिए बीमा योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मजदूर की मृत्यु पर परिजनों को 10 लाख मिलेंगे।







## यूके राजदूत के पीओके दौरे का भारत ने किया विरोध...

**जेने मैरियट 10 को गईं थीं मीरपुर शहर**

**नई दिल्ली(नई दिल्ली)।** ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेने मैरियट के पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) दौरे पर भारत ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने 10 जनवरी 2024 को ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के एक अधिकारी के साथ इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की 'अत्यधिक आपत्तिजनक' यात्रा को 'गंभीरता से लिया है'। मैरियट, पाकिस्तान में पहली महिला ब्रिटिश उच्चायुक्त हैं। बता दें, ब्रिटेन की वजह से भारत का विभाजन हुआ और ब्रिटेन अभी भी भारत के खिलाफ काम करने से पहले एक बार संकोच नहीं करता है। ब्रिटेन की हाई कमिश्नर के पीओके दौरे से बवाल मच गया है।

**संप्रभुता के साथ समझौता नहीं**

**ब्रिटिश उच्चायुक्त से मिले विदेश सचिव**

विदेश मंत्रालय सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ऐसा उल्लंघन अस्वीकार्य है। भारत ने ब्रिटिश उच्चायुक्त के से कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

**30 सेकंड की फुटेज वायरल**

## पश्चिम बंगाल में निर्वस्त्र कर तीन साधुओं को पीटा

**पुरुलिया/नई दिल्ली(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं के साथ मारपीट की गई है। भीड़ ने साधुओं को निर्वस्त्र कर पीटा। ये उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल के मशहूर तीर्थ गंगासागर मेले के लिए जा रहे थे। साधु ने दो बेटों के साथ मकरसंक्राति पर गंगासागर जाने के लिए वाहन बुक किया था। साधु ने जिस तरह से रास्ते के बारे में पूछा, उससे कुछ लोगों को संदेह हुआ कि वे किडनैपर हैं, इसके बाद साधुओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर एक 30 सेकंड की फुटेज वायरल हो रही है। इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। **अनुराग बोले- ममता सरकार ने बिगाड़ा माहौल:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर पश्चिम बंगाल प्रवास पर हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर ठाकुर ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया। ममता दीदी के राज में बंगाल की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

**मां कर रही थी मजदूरी**

## भोपाल में कुत्तों ने मासूम बच्चे को नोचकर मार डाला

**भोपाल (भाषा)।** मध्य प्रदेश में भोपाल के अयोध्या नगर क्षेत्र में मजदूरी करने आए परिवार के सात माह के बच्चे को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। घटना के समय मां बच्चे को जमीन पर लिटाकर पास में ही मजदूरी कर रही थी। अयोध्या नगर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक महेश निलहारे ने बताया कि घटना बुधवार दोपहर की है। गुना जिले से भोपाल में मजदूरी करने आए परिवार के सात माह के बच्चे को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। घटना के समय मां बच्चे को जमीन पर लिटाकर पास ही मजदूरी कर रही थी। इस बीच कुत्ते बच्चे को घसीटकर ले गया। कुछ समय बाद जब लोगों ने शोर मचाया तो परिजनों को इसका पता लगा। बच्चे का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। कुत्तों ने बच्चे के शरीर से उसका एक हाथ भी अलग कर दिया था। इसके बाद परिजनों ने बच्चे का शव बिलखरिया क्षेत्र के एक गांव के पास दफना दिया। पुलिस ने बच्चे का शव जमीन से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**चीन को दो टूक जवाब**

## एक ही समय में जंग और व्यापार असंभव: जयशंकर

नागपुर(भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सीमा पर गतिरोध के बीच चीन को अन्य संबंधों के सामान्य रूप से आगे बढ़ने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में 'भू-राजनीति में भारत का उदय' विषय पर बोलते हुए कहा कि कूटनीति जारी रहती है और कभी-कभी कठिन परिस्थितियों का समाधान जल्दबाजी में नहीं आता है। उन्होंने दर्शकों के सवालों के जवाब दिए।



उन्होंने कहा कि "जब तक सीमा पर कोई समाधान नहीं मिल जाता, उन्हें अन्य संबंधों के सामान्य रूप से आगे बढ़ने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह असंभव है कि आप एक ही समय में लड़ना और व्यापार नहीं करना चाहते हैं। इस बीच, कूटनीति चल रही है और कभी-कभी कठिन परिस्थितियों का समाधान जल्दबाजी में नहीं आता है।

## न्यूजीलैंड की पूर्व पीएम अर्डर्न ने ब्वॉयफ्रेंड क्लार्क संग की शादी



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न शनिवार को एक निजी समारोह में अपने लंबे समय के साथी क्लार्क गेफोर्ड के साथ शादी के बंधन में बंध गई। उनकी सगाई लगभग पांच साल पहले हुई थी और कोविड महामारी के चलते विवाह में देरी हुई। यह समारोह न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंग्टन से 325 किमी दूर सुंदर दृश्य वाले हॉक्स बे क्षेत्र में एक शानदार अंगूर के बगीचे में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम पर इस जोड़े ने बारीकी से नजर रखी थी। शादी में केवल परिजन, करीबी दोस्त और अर्डर्न के सहयोगी सांसदों को आमंत्रित किया गया था।

## आईआईटी-गुवाहाटी ने नई जैविक कचरा प्रबंधन तकनीक ईजाद की

**गुवाहाटी (भाषा)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी में अपशिष्ट प्रबंधन अनुसंधान समूह (डब्ल्यूएमआरजी) के अनुसंधानकर्ताओं ने जैविक कचरे के प्रबंधन में नगर निगमों की सहायता के लिए एक नया तरीका ईजाद किया है। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह तकनीक 'रोटरी ड्रम कम्पोस्टिंग' (आरडीसी) को 'वर्मीकम्पोस्टिंग' (आरडीवीसी) को जोड़ने वाली है, जिसके




परिणामस्वरूप एक कुशल और पर्यावरण अनुकूल प्रक्रिया होती है जिसके जरिए नगर निगम जैविक कचरे से बेहतर उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं।

**महिला सीईओ का पुलिस के सामने खुलासा**

# बेटे का शव सूटकेस में रख खुदकुशी की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ पणजी

चार साल के बेटे की हत्या की आरोपी व एआई-आधारित एक स्टार्टअप कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सूचना सेठ ने अपने चार साल के बेटे के मर्डर से जुड़ी कुछ बातें पुलिस के साथ शेयर की हैं। उसने बताया कि गोवा के होटल के कमरे में उसका बेटा कहां सोया था, उसका सूटकेस कहां रखा था और उसने सूटकेस में अपने बेटे की लाश कैसे रखी थी। गोवा पुलिस के मुताबिक, सूचना सेठ के स्टेटमेंट के आधार पर शुक्रवार (12 जनवरी) को डेढ़ घंटे तक क्राइम सीन रिक्रिएट किया गया। पुलिस सूचना को होटल के उस कमरे में ले गई, जहां वह अपने बेटे के साथ



ठहरी थी। क्राइम सीन रिक्रिएशन के वक्त सूचना ने बताया कि बेटे की मौत के बाद उसने कैसे चाकू से अपनी कलाई काटी और सुसाइड करने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि सूचना ने बेंगलुरु से गोवा के लिए एकतरफा फ्लाइट टिकट बुक कराया था। शायद उसका इरादा सड़क के रास्ते ही लौटने का था।

### पति ने भी बयान दर्ज कराया

पणजी। सूचना सेठ के पति ने शनिवार को गोवा पुलिस को बताया कि सेठ ने उन्हें पिछले पांच रविवार से बेटे से नहीं मिलने दिया। वेंकट रमन जांच के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए दोपहर के समय बेंगलुरु से कलंगुट थाने पहुंचे। पुलिस के अनुसार, सेठ ने उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक सर्विस अपार्टमेंट में अपने बेटे की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या करने के बाद उसका शव एक बैग में रखा और बेंगलुरु वापस जाने के लिए टैक्सी ली, लेकिन उसे आठ जनवरी को कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बीच रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया गया।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25